www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//

कल के लिए सबसे अच्छी तैयारी यही है कि आज अच्छा करो।

आज बेबाक

आज कल यह एक नया गाना गली गली में गूंज रहा है- मच गया शोर सारी नगरी रे... आया दहाड़ता शेर संभाल तेरी बकरी रे...। अरे भई शेर है तो उसे शेर जैसा दिखना भी चाहिए। शेर शांति का नहीं शौर्य का प्रतीक है। शांति के दूत तो कबूतर होते है। जो राष्ट्रीय पर्व के दौरान आसमान में उड़ाए जाते है। शेर अगर आक्रामक नहीं दिखेगा तो उसे शेर कौन कहेगा? मुंह लटकाएं शेर को तो लोग भीगी बिल्ली ही समझेंगे। बकौल एक शायर- नामुमकिन को मुमकिन बना दे इतने दिलेर है हम दुनिया को झुकाना आता है क्योंकि शेर है हम।

सूर्योदय

उदय : 5:53 प्रात:

अस्त : 7:11 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,960,311,780

भारत : 1,408,073,890

बाजार

संसेक्स : 53514.15

निफ्टी : 15966.70

गोल्ड : 50,950 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 56,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.86 प्रति नग

दैनिक **नवप्रदेश**

अदित्यवर्णं तमस: परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 14 जुलाई 2022, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-92 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आक्रोश की आग में जली लंका

अब प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघे के घर पर भी कब्जा

■ लाइव टेलीकास्ट बंद; 20 जुलाई को राष्ट्रपति चुनाव

कोलंबो (ए.)। श्रीलंका में हिंसक प्रदर्शन जारी हैं। राष्ट्रपति के बाद अब पीएम आवास पर भी प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर लिया है। देश में जारी बवाल के बीच राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे भी बुधवार को इस्तीफा देने जा रहे हैं। स्पीकर ने जानकारी दी है कि देश में अगले राष्ट्रपति का चुनाव 20 जुलाई को होगा। वहीं, सियासी और आर्थिक संकट का सबसे ज्यादा असर चिकित्सा व्यवस्था पर पड़ता नजर आ रहा है। नौबत यहां तक आ गई है कि डॉक्टर मरीजों को बीमार नहीं होने की सलाह दे रहे हैं। देश में जरूरी दवाओं और अन्य आपूर्ति खासी प्रभावित हुई है।

फिलहाल, देश की कमान कार्यवाहक राष्ट्रपति रनिल विक्रमसिंघे के हाथ में है। उन्होंने देश में आपातकाल का ऐलान कर दिया है। पश्चिम श्रीलंका में कर्फ्यू लगाया गया है। हंगामे के बीच देश के सरकारी चैनल SLRC ने भी लाइव टेलीकास्ट बंद कर दिया है।

श्रीलंका ईंधन और भोजन जैसी बुनियादी चीजों के भुगतान के लिए भी पैसों की कमी से जूझ रहा है। इसी बीच दवाओं की कमी की भी खबरें हैं। कुछ डॉक्टर और डोनेशन और फंड जुटाने के लिए सोशल मीडिया का रुख कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने देश से बाहर रह रहे श्रीलंका के लोगों से मदद की गुहार लगाई है।

15 साल की हासिनी वासन 9 महीने पहले किडनी ट्रांसप्लांट से गुजरी हैं, लेकिन आशंकाएं हैं कि उन्हें जरूरी दवाएं ही न मिल पाएं। उनका परिवार अब दान करने वालों पर निर्भर है, क्योंकि अस्पताल अब हासिनी को मुफ्त दवा मुहैया नहीं करा सकता। हासिनी की बड़ी बहन इशारा थिलिनी कहती हैं, 'हमें बताया गया है कि उन्हें नहीं पता कि अब ये दवा दोबारा कम मिलेगी।'

कैंसर अस्पताल भी जरूरी दवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। श्रीलंका मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर समत धर्मरत्ने ने कहा, 'बीमार मत हो, घायल मत हो, ऐसा कुछ भी मत करो जिससे इलाज के लिए तुम्हें अस्पताल आना पड़े।'

दोनों का इस्तीफा चाहते हैं प्रदर्शनकारी

समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के पूर्व सलाहकार ने बताया कि लोग पीएम और राष्ट्रपति दोनों को सरकार से बाहर देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि पीएम इस्तीफा दे दें, क्योंकि हमारे संविधान के अनुसार अगर राष्ट्रपति इस्तीफा देते हैं, तो पीएम कार्यवाहक राष्ट्रपति बन जाएंगे। लोग चाहते हैं कि दोनों चले जाएं। पुलिस ने आंसू गैस के गोलों के जरिए कार्रवाई की है।'

सरकारी चैनल ने बंद किया सीधा प्रसारण

जातिक रूपवाहिनी नाम से पहचाने जाने वाले सरकारी न्यूज चैनल श्रीलंका रूपवाहिनी कॉर्पोरेशन ने सीधा प्रसारण बंद कर दिया है। खबर है कि प्रदर्शनकारियों ने चैनल परिसर को घेर लिया था। इसके बाद यह फैसला लिया गया है।

क्या हैं देश के मौजूदा हालात

राष्ट्रपति गोटबाया के देश छोड़कर भागने के बाद नागरिकों का गुस्सा और भड़क गया था। वहीं, इसके बाद जब प्रधानमंत्री विक्रमसिंघे को कार्यवाहक रष्ट्रपति बनाया गया तो प्रदर्शनकारी और हिंसक हो गए। नाराज भीड़ ने कोलंबों में पीएम आवास को घेर लिया था। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। बावजूद इसके प्रदर्शनकारी सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए पीएम आवास में पहुंच गए।

20 को मिलेगा नया राष्ट्रपति

राष्ट्रपति गोटबाया ने बुधवार को अपना इस्तीफा देने का फैसला कर लिया। स्पीकर अभयवर्धने के अनुसार गोटबाया ने जानकारी दी है कि वह आज देर शाम तक इस्तफा भेज देंगे। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई तक संसद में देश के नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। देश में लगातार बिगड़ते हालात के बीच विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बनाया गया है।

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	32.1	25.2
बिलासपुर	31.8	26.2
जगदलपुर	24.0	24.8
अंबिकापुर	31.0	21.5

आज का दिवस

राष्ट्रीय फ्रांसीसी दिवस : फ्रांसीसी सरकार ने 14 जुलाई को राष्ट्रीय दिवस के रूप में चिह्नित किया। इस दिन को बैस्टिल दिवस के रूप में भी जाना जाता है। फ्रांस की क्रांति 1789 ई. में लुई सोलहवाँ के शासन काल मे हुई। 14 जुलाई 1789 को क्रांतिकारियों ने बास्तील के कारागृह फाटक को तोड़कर बंदियों को मुक्त कर दिया तब से 14 जुलाई को फ्रांस का राष्ट्रीय दिवस के रुप में मनाया जाता है। यह 14 जुलाई 1789 को पेरिस में हुई बैस्टिल जेल के तूफान की 230 वीं वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। फ्रांस और संबद्ध देशों से सशस्त्र बल मार्च, ड्राइव, सवारी और केंद्रीय चैम्प्स एलिसी पर उड़ान भरेंगे।

राष्ट्रपति चुनाव : चुनाव आयोग ने 'मिस्टर बैलेट बॉक्स' और सीलबंद सामग्रियों को रवाना किया

नई दिल्ली (ए.)। देश में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनाव आयोग ने 18 जुलाई को होने वाले आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतपेटियों, पेपर पेन और अन्य सीलबंद सामग्री का वितरण शुरू कर दिया है। मतपेटियां यात्रियों के रूप में उड़ान भर रही हैं और इनमें से प्रत्येक को विमान में एक सीट आवंटित की गई हैं। वे ज्यादातर राज्यों की राजधानियों को जा रही हैं जहां उनका इस्तेमाल चुनाव के दौरान होगा।

दरअसल, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की निगरानी में सीलबंद सामग्री का निरीक्षण पूरा हुआ। इसके बाद इसे राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को सौंप दिया गया। चुनाव आयोग मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा दिल्ली में मुख्यालय से सामग्री का संग्रह अनिवार्य करता है।

प्रक्रिया के दौरान एक बार जब सामग्री वहां पहुंच जाती है तो तो अधिकारियों को दिल्ली हवाई अड्डे पर मौजूद हेल्प डेस्क पर भारत के चुनाव आयोग, नागरिक उड्डयन, दिल्ली पुलिस और सीआईएसएफ के अधिकारियों द्वारा संचालित किया जाता है। आयोग ने चुनाव के दौरान मतदान और मतगणना की व्यवस्था की निगरानी के लिए 37 पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया है और इन पर्यवेक्षकों की एक ब्रीफिंग बैठक भी 11 जुलाई 2022 को आयोजित की गई थी।

कोरोना की बूस्टर डोज भी मिलेगी मुफ्त

15 जुलाई से शुरू होगा अभियान

नई दिल्ली (ए.)। देश में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए बूस्टर डोज भी अब फ्री में लोगों को मुहैया कराने की तैयारी है। 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को यह सुविधा सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर मिल सकती है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 15 जुलाई से विशेष अभियान के तहत यह सुविधा दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि 75 दिनों तक यह अभियान चलेगा। इसके तहत पहले लगीं दो वैक्सीन डोज की तरह ही लोग सरकारी केंद्रों में जाकर बूस्टर डोज लगवा सकेंगे। बता दें कि कोरोना संक्रमण की दर में बीते कुछ वक्त से इजाफा देखने को मिल रहा है और इसी के चलते सरकार ने लोगों से बूस्टर

डोज लगवाने की अपील की है।

हालांकि एक वर्ग की मांग थी कि पहले की दो खुराकों की तरह ही बूस्टर डोज भी मुफ्त में मुहैया कराई जानी चाहिए। इसी बीच सरकार ने अब इस टीके को भी मुफ्त में ही दिए जाने का फैसला लिया है। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 75 दिनों का यह विशेष अभियान चलाया जाएगा। अब तक 18 से 59 साल की अ■ शेष पृष्ठ 6 पर

6 महीने तक रहता है शुरुआती दो डोज का असर

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि अब तक 60 साल या उससे अधिक आयु के लोगों और फ्रंटलाइन वर्कर्स में से 26 फीसदी ने बूस्टर डोज लगवा ली है। एक अधिकारी ने कहा, 'बीते 9 महीनों में देश के ज्यादातर लोगों ने कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाई है। आईसीएमआर और अन्य वैश्विक संस्थाओं की स्टडी के मुताबिक दो डोजों से जो प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है, उसका असर 6 महीने तक बना रहता है। लेकिन उसके बाद एक बार फिर से बूस्टर डोज की आवश्यकता होती है।' इसलिए सरकार ने यह फैसला लिया है कि 18 से 59 साल की आयु के लोगों को मुफ्त में बूस्टर डोज की सुविधा मुहैया कराई जा सके।

खाद की ओवररेटिंग पर सीएम सख्त, अफसरों को कार्रवाई के दिए निर्देश

■ खाद की कमी को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार को लिखा जाएगा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में केन्द्र से रासायनिक उर्वरकों की कम आपूर्ति को देखते हुए कृषि उत्पादन आयुक्त को केन्द्र से समन्वय कर मांग के अनुरूप रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को मौसम की स्थिति पर नजर रखने और जहां खाद, बीज की कमी है, वहां खाद-बीज की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने निवास में आयोजित बैठक में प्रदेश में वर्षा की स्थिति, खाद-बीज की उपलब्धता, सिंचाई जलाशयों में जल भराव की स्थिति, खरीफ फसलों के क्षेत्राच्छादन, संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा की। बैठक में कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे भी उपस्थित थे।

'राम सेतु' को लेकर 26 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

■ सुब्रह्मण्यम स्वामी ने दायर की है याचिका

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर राम सेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित किए जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 26 जुलाई को सुनवाई होगी। याचिका में न्यायालय से केंद्र सरकार को 'रामसेतु' को राष्ट्रीय विरासत स्मारक घोषित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। स्वामी की तरफसे कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत किए जाने के बाद कि यह मुद्दा लंबे समय से लंबित है और तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 'रामसेतु' को धरोहर घोषित करने

की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अग्निपथ स्कीम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कल होगी सुनवाई, नोटिफिकेशन रद्द करने की है मांग

सेना में भर्ती के लिए लाई गई नई अग्निपथ स्कीम के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट ने तारीख तय कर दी है। अदालत ने इन अर्जियों पर 15 जुलाई यानी शुक्रवार को सुनवाई करने का फैसला लिया है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की बेंच इन पर सुनवाई करेगी। इस भर्ती योजना के खिलाफ कई याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनमें से कुछ में इसके नोटिफिकेशन को ही रद्द करने की मांग की गई है। वहीं एक अर्जी में इस स्कीम को लागू करने से पहले एक पैनल का गठन कर उसकी राय लेने की मांग भी की गई है। पिछले महीने इस स्कीम का देश के अलग-अलग हिस्सों में तीखा विरोध देखने को मिला था। खासतौर पर यूपी, बिहार, हरियाणा, राजस्थान और तेलंगाना जैसे राज्यों में तो हिंसक प्रदर्शन हुए थे। 5 जुलाई को भी अग्निपथ स्कीम के खिलाफ एक और अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी।

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 12000 तीर्थयात्री रवाना

श्रीनगर (वार्ता) जम्मू-कश्मीर में स्थित बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा के दर्शन के लिए बुधवार सुबह करीब 12,000 यात्रियों का एक नया जत्था नुनवान और बालटाल आधार शिविर से रवाना हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर दशनामी अखाड़ा श्रीनगर से संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि द्वारा भगवान शिव की चांदी की गदा पूजा (छड़ी मुबारक) की पूजा करने के लिए पहलगाम लेया गया है।

हिजाब से आजादी के लिए सड़कों पर ईरान की मुस्लिम महिलाएं

■ नकाब उतार खुले बालों में बना रहीं वीडियो

नई दिल्ली (ए.)। इस्लामिक देश ईरान में हिजाब का जबरदस्त विरोध हो रहा है। ईरानी महिलाएं हिजाब के विरोध में सड़कों पर हैं। यही नहीं, वे पब्लिक में अपना नकाब हटाकर उसका वीडियो भी बना रही हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक ये महिलाएं हिजाब हटाने के वीडियो पोस्ट कर इस्लामिक रिपब्लिक के सख्त हिजाब नियमों का विरोध कर रही हैं।

'हिजाब एवं शुद्धता दिवस' का जमकर विरोध

ईरानी कानून के मुताबिक महिलाओं को सार्व?जनिक तौर अपने बाल ढंकना अनिवार्य है। वैसे तो हिजाब को लेकर यहां अक्सर प्रदर्शन होते रहते हैं लेकिन मंगलवार को बड़ी संख्या में ईरानी महिलाओं ने देश भर में हिजाब विरोधी अभियान में भाग लिया। ईरान के अधिकारियों ने 12 जुलाई (मंगलवार) को 'हिजाब एवं शुद्धता दिवस' के रूप में घोषित किया था। इसी के विरोध में महिलाएं सड़कों पर उतरीं।

सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में महिलाओं के अलावा पुरुष भी ईरान के कानून के खिलाफ अपना विरोध व्यक्त कर रहे हैं।

गरमा-गरम

यूपी को नया अध्यक्ष, बिहार-गुजरात में नए प्रभारी नियुक्त करेगी भाजपा

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव और उससे पहले करीब एक दर्जन राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को पूरी तरह चाक-चौबंद करने में जुट गई है। पार्टी में जल्द ही कई अहम संगठनात्मक बदलाव होने की संभावना है। इनमें उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा में पार्टी को नए अध्यक्ष नियुक्त करने हैं। इसके अलावा बिहार और गुजरात में नए संगठन प्रभारी भी बनाए जाने हैं। कुछ और राज्यों में भी संगठनात्मक स्तर पर बदलाव हो सकते हैं।

भाजपा नेतृत्व ने हैदराबाद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद 'मिशन-2024' के लिए अपनी

संगठनात्मक तैयारियों को आकार देना शुरू कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का पहला कार्यकाल अगले साल जनवरी में समाप्त हो रहा है। हालांकि, यह अभी साफ नहीं है कि इससे पहले संगठनात्मक चुनाव कराए जाएंगे या आगामी चुनावों को देखते हुए मौजूदा नेतृत्व को ही विस्तार दिया जाएगा। जेपी नड्डा को दूसरा कार्यकाल मिलने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, इसी महीने पार्टी कुछ राज्यों में नए अध्यक्षों और नए संगठन प्रभारियों की नियुक्ति कर सकती है। उत्तर प्रदेश में स्वतंत्र देव सिंह के मंत्री बनने के बाद अध्यक्ष पद पर नई ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गोवा के बाद गुजरात में कांग्रेस को टूट का डर चुनाव से पहले कई विधायक बदल सकते हैं पाला

नई दिल्ली (ए.)। गोवा कांग्रेस में बगावत फिलहाल थम गई है। मगर, कांग्रेस की चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है। पार्टी को डर है कि गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में उसके कई विधायक साथ छोड़ सकते हैं। इसलिए, पार्टी सभी विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश में जुट गई है।

गुजरात में कांग्रेस के वर्तमान में 64 विधायक हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 77 सीट मिली थी, पर पिछले दो साल में 14 विधायकों ने कांग्रेस का साथ छोड़ा है। निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवाणी के पार्टी में शामिल होने से यह आंकड़ा 64 पर पहुंचा है। पार्टी इन विधायकों को हर हाल में अपने साथ बरकरार रखना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि महाराष्ट्र और गोवा की तरह भाजपा गुजरात में भी कांग्रेस विधायकों से संपर्क कर रही है। भाजपा की कोशिश है कि चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर कांग्रेस विधायकों को पार्टी में शामिल किया जाए, ताकि वह चुनाव में अपने पक्ष में माहौल बना सके। ऐसे में कांग्रेस अपने सभी विधायकों के साथ लगातार संपर्क में हैं। कांग्रेस के एक अन्य नेता ने कहा कि चुनाव में पार्टी के सभी मौजूदा विधायकों का टिकट लगभग तय है। हालांकि, कुछ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

उद्धव ठाकरे की दुविधा

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सत्ता खोने के बाद से अपने संगठन को बचाने में लगे हुए है लेकिन वे अभी तक तय नहीं कर पाए है कि उन्हे आखिर आगे करना क्या है। उद्धव ठाकरे की यह दुविधा ही शिवसेना में दरार बढ़ाने का काम कर रही है। उद्धव ठाकरे अभी भी महाअघाड़ी गठबंधन में शामिल है जिसका अब कोई मतलब नहीं रहा गया है। महाअघाड़ी गठबंधन सरकार के गठन के लिए बना था और जब सरकार ही गिर गई है तो इस गठबंधन का कोई अर्थ ही नहीं रह गया है। बशर्ते महाराष्ट्र में विधानसभा के मध्यावधि चुनाव न हो, जिसकी दूर दूर तक कोई संभावना नहीं है। आगामी लोकसभा चुनाव में भी उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ना घाटे का ही सौदा सिद्ध हो सकता है। ऐसी स्थिति में जबकि शिवसेना के विधायक, सांसद और पार्षद तक एकनाथ शिंदे के साथ जुड़ते जा रहे है तो उद्धव ठाकरे के सामने भाजपा के साथ हाथ मिलाने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाएगा। इसकी भी संभावना न के बराबर है। उद्धव ठाकरे यदि ऐसा चाहेंगे भी तो भी भाजपा अब उनके साथ हाथ मिलाने से परहेज ही करेगी। कहा जाता है न कि दूध का जला छांछ को भी फूंक- फूंक कर पीता है। उद्धव ठाकरे की बेचारगी इसी बात से समझी जा सकती है कि एनडीए की ओर से घोषित राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मून का कांग्रेस और राकांपा ने विरोध किया है और यूपीए के प्रत्याशी यशवंत सिन्हा का समर्थन किया है लेकिन उद्धव ठाकरे के साथ जो 18 सांसद बताए जाते है उन्होने एक बैठक में उद्धव ठाकरे पर दबाव बनाया है कि वे एनडीए की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मून का ही समर्थन करें। इस बैठक में सांसदों के तल्ख तेवर को देखकर शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत बैठक को अधूरी छोड़कर ही निकल गए। इसका मतलब साफ है कि शिवसेना के सांसद भी उद्धव ठाकरे के हाथ से निकलते जा रहे है और ऐसा ही चलता रहा तो उद्धव ठाकरे की मुश्किलें आगे और बढ़ जाएंगी। दरअसल उद्धव ठाकरे असमंजस में फंसे हुए है। उन्हे आगे का रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। नतीजतन संगठन पर उनकी पकड़ कमजोर होती जा रही है और एकनाथ शिंदे गुट लगातार मतबूत होता जा रहा है। यदि अभी भी उद्धव ठाकरे दुविधा से नहीं निकले तो कोई बड़ी बात नहीं कि शिवसेना संगठन पर एकनाथ शिंदे गुट का ही कब्जा हा जाएं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना की ओर से राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू को समर्थन देने की घोषणा यही बता रही है कि पार्टी के उन सांसदों के दबाव ने असर दिखाया, जो राष्ट्रपति के चुनाव में कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी राकांपा का साथ देने के पक्ष में नहीं थे। उद्धव ठाकरे की घोषणा से केवल राष्ट्रपति प्रत्याशी के रूप में द्रौपदी मुर्मू की जीत और अधिक सुनिश्चित नहीं हुई है, बल्कि शिवसेना के संसदीय दल में टूट का खतरा भी टला है।

कविता

जिनगी के उसुल

चन्द्रकांत खुंटे

मोरो जिनगी के कुछु उसुल हे। जेमा नइ करा कोनो भुल ए।।
अपन डाहर मा आथा-जाथा अपन डेहरी तक रखथव नाता
दुसर के घर ला झाँके के पहली अपन टुटहा छानी ला पाथा।
कभु-कभु जूच्छा पेट सो जाथा। खुद के जिनिस मा,नरि तक खाथा।
दिन भर लाँघन-उपास रहि-रहि के, काकरो मेर उधारी नइ माँग पाथा।।
जेन कथव तेला करते जाथा। झुट-लबारी ले दुरिहा भागथा।
हर वो गोठ-बचन ला पुरा करथव जेला जब भी किरिया खाथा।।
छल-कपट चारी-चुगली नइ जाना। गोठ-गोठ मा कोनो ला नइ भुलवारा।
झुठ ला झुठ सित्तो ला सित्तो कहिके, सत-असत के जम्मो परछो पाथा।।
काकरो भी अनभल मय नी चाहा। सुक-दुक मा बरोबर सबके जाथा।
पर के पीरा हा महुँ ला जनाथे, तभे तो क्रांति बर अवाज उठाथा।।

आवव सँगी बिरवा हम लगाबो

अशोक पटेल

आवव सँगी आवव,बिरवा हम लगाबो आवव संगी साथी,भुइया हम सजाबो
गांव-गली पारा म चउक म हटवारा म। धरती म बिरवा जगाबो आवव सँगी आवव....
खेत-खार सुन्ना होंगे, मेड़ घलो सुन्ना बनिस नावा डाहर त, कटगे पेड़ जुन्ना
छइहा हर नोहर होगे,कहाँ सुख पाबो। आवव सँगी आवव....
चिरई-मन खोजत हावे,रुखुवा के थइहा तरसत हे छइहा बर,गांव गहे गंवतरिहा
झिलरी अउ झाड़ी छईहा रद्दा ल बनाबो। आवव सँगी आवव..
घर-अंगना खोर गली,अउ जमो मोहाटी खेत-खार, मेड़-पार अउ घलो चौपाटी
गोकुल के धाम सही चला अब सुघराबो। आवव संगी आवव....
नरवा के तीर घलो, पारे-पार तरिया फुलवारी लागे कलिन्दी कछार नदिया
गाँव-गाँव शहर-नगर ल मधुबन बनाबो आवव सँगी आवव....
धरती के तापमानब तभे तो सुधरही झमाझम रुखुवा म धरती हर सवँरही
आही बादर करिया अउ पानी बरसाबो आवव सँगी आवव....

भारतीय सांस्कृतिक पर्व गुरुपूर्णिमा

डॉ. संजय कुमार

महर्षि वेदव्यास संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। उन्हें कृष्ण द्वैपायन भी कहा जाता है। वे आदि गुरु हैं। इसलिए उनके जन्मदिन आषाढ़पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा के नाम से जाना जाता है।वेदांत दर्शन व अद्वैत वाद के संस्थापक वेदव्यास ऋषि पाराशर के पुत्र थे तथा उनकी माता का नाम सत्यवती था। पत्नी आरुणि से उत्पन्न महान बाल योगी सुखदेव इनके पुत्र हैं। एक परंपरा के अनुसार पांडु, धृतराष्ट्र और विदुर भी महर्षि वेदव्यास के संतान माने जाते हैं। वेदव्यास ने महाभारत, ब्रह्मसूत्र ,18 पुराण ,18 उपपुराण की रचना किए हैं। इसके अतिरिक्त इन्होंने वेदों को उनके विषय के अनुसार ऋग्वेद, यजुर्वेद ,सामवेद, अथर्ववेद के रूप में चार भागों में विभाजित किया है। महर्षि वेदव्यास की शिष्य परंपरा में पैल ,जैमिनी, वैशंपायन, समन्तु मुनि , रोमहर्षण आदि का नाम महत्वपूर्ण रूप से सामने आता है। यह आषाढ़ पूर्णिमा गुरु महात्मा का पर्व है। इस दिन गुरु की पूजा का विधान शास्त्रों में मिलता है ।गुरुपूर्णिमा वर्षा ऋतु में पड़ती है।

भारतीय संस्कृति में गुरु का विशेष महत्व माना गया है। गुरु ही मनुष्य में ज्ञान का आधान करता है। इसलिए आषाढ़-पूर्णिमा के दिन गुरुपूर्णिमा का पर्व मनाया जाता है। यद्यपि भारत देश ऋषि प्रधान देश रहा है, हर युग में ऋषियों के प्रति आदर - सम्मान का भाव देखने को मिलता है। काश्यप, आंगिरा, भृगु ,वशिष्ठ, अगस्त्य, भारद्वाज ,जमदग्नि, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य , जैमिनी , बाल्मीकि, दुर्वाषा आदि की एक वृहद ऋषि परंपरा देखने को मिलती है । इन सभी के प्रति शिष्यों द्वारा अपार श्रद्धा का भाव भी दृष्टिगोचर होता है। यह देश ज्ञान वैभव का देश है । यहाँ अपरा और परा विद्याओं का संगम है । आत्मा तथा शारीर के साथ ही आदिभौतिक , आदिदैविक और आध्यात्मिक चिन्तन परम्परा का विकास ऋषियों के मनीषा से ही व्यक्त होती है । भारत में ज्ञान के मूलभूमि ऋषि ही हैं । क्योंकि सभी शास्त्र उन्ही के द्वारा श्रुत परंपरा से संरक्षित रहे हैं । इसलिए ऋषि परंपरा को ही गुरुपरंपरा के रूप वन्दना की जाती है । लेकिन एक मान्यता के अनुसार महर्षि वेदव्यास का जन्म आषाढ़ पूर्णिमा के दिन हुआ था । उन्हीं के सम्मान में आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के दिनही गुरुपूर्णिमा पर्व का आयोजन होता है। ऐसा भी बताया जाता है कि इसी दिन महर्षि वेदव्यास ने अपने शिष्यों व मुनियों को सर्वप्रथम श्रीमाद्भागवद्पुरण का उपदेश दिया था। श्रीमाद्भागवद्पुरण उनके अट्ठारह पुराणों में इसलिए श्रेष्ठ है क्योंकि इसमें भगवत-भक्ति के द्वारा मोक्ष का मार्ग बतलाया गया है। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि महर्षि वेदव्यास ने ब्रह्मसूत्र को लिखना इसी दिन प्रारंभ किया था। इसलिए वेदांत दर्शन के प्रारंभिक दिन को गुरुपूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। ब्रह्मसूत्र वेदान्त दर्शन का वह ग्रन्थ है जो जीव -ब्रह्म की एकता की घोषणा करता है । यहाँ यह भी बताना का उचित होगा कि भक्ति काल के संत श्री घासीदास का जन्म भी आषाढ़पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। जो कबीर दास के शिष्य माने जाते हैं । पूर्णिमा के दिन का भौगोलिक रूप से भी अत्यधिक महत्व माना जाता है ।इस दिन चंद्रमा का पृथ्वी के जल से सीधा संबंध होता है। फलतः समुद्र में ज्वार- भाटा उत्पन्न हो जाता है। चंद्रमा समुद्र के जल को अपनी ओर खींचता है। यह क्रिया मनुष्य को भी प्रभावित करती है क्योंकि मनुष्य के शरीर में भी अधिकांश भाग जल का ही है । इसलिए मनुष्य के शरीर की जल की गति बदल जाती है । गुण में भी परिवर्तन हो जाता है। आत्म- विस्तार की स्थिति बनने लगती है जिससे एक अपूर्व आनंद की अनुभूति है ।

महर्षि वेदव्यास संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे। उन्हें कृष्ण द्वैपायन भी कहा जाता है । वे आदि गुरु हैं। इसलिए उनके जन्मदिन आषाढ़-पूर्णिमा को गुरुपूर्णिमा के नाम से जाना जाता है ।वेदांत दर्शन व अद्वैत वाद के संस्थापक वेदव्यास ऋषि पाराशर के पुत्र थे तथा उनकी माता का नाम सत्यवती था । पत्नी आरुणि से उत्पन्न महान बाल योगी सुखदेव इनके पुत्र हैं। एक परंपरा के अनुसार पांडु, धृतराष्ट्र और विदुर भी महर्षि वेदव्यास के संतान माने जाते हैं । वेदव्यास ने महाभारत, ब्रह्मसूत्र ,18 पुराण ,18 उपपुराण की रचना किए हैं ।इसके अतिरिक्त इन्होंने वेदों को उनके विषय के अनुसार ऋग्वेद, यजुर्वेद ,सामवेद, अथर्ववेद के रूप में चार भागों में विभाजित किया है। महर्षि वेदव्यास की शिष्य परंपरा में पैल ,जैमिनी, वैशंपायन, समन्तु मुनि , रोमहर्षण आदि का नाम महत्वपूर्ण रूप से सामने आता है। यह आषाढ़ पूर्णिमा गुरु महात्मा का पर्व है। इस दिन गुरु की पूजा का विधान शास्त्रों में मिलता है ।गुरुपूर्णिमा वर्षा ऋतु में पडती है। इस दिन से 4 महीने तक परिव्राजक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान का प्रकाश चारों ओर बिखेरते हैं ।यह 4 माह प्राकृतिक रूप से बहुत रमणीय होता है। ना अधिक गर्मी पड़ती है ना सर्दी का भान होता है। इसलिए चाहे ज्ञान क्षेत्र हो या अध्ययन क्षेत्र हो दोनों दृष्टि से यह समय बड़ा ही उपयुक्त माना जाता है। ऐसे समय में साधक द्वारा की गई साधना फलीभूत होती है। ठीक वैसे ही जैसे सूर्य के ताप से तप्त भूमि को वर्षा की शीतलता एवं पौधे उत्पन्न करने की शक्ति मिलती है वैसे ही गुरु के सानिध्य में उपस्थित होकर साधकों की ज्ञानशक्ति , भक्ति, शांति और योग की प्राप्ति होती है।

यद्यपि भारतीय संस्कृति ऋषियों का आचरण - व्यावहार द्वारा परिष्कृत संस्कृति है । यहाँ पर ऋषियों - मुनियों के प्रति जीवन के प्रारम्भिक काल से ही श्रद्धा का भाव देखने को मिलता है । ऋषि अपने आचरण मात्र से शिष्यों के अन्तः करण में ज्ञान का प्रकाश प्रज्वलित कर देता है । ऋषि ज्ञान का प्रकाश अत्यंत गंभीर ,गुरु व भारी होता है । इसी लिए उपदेशक ऋषियों को गुरु की संज्ञा से विभूषित किया गया है ।गुरु शब्द दो वर्णों के योग से बना है गु और रु । गु का अर्थ होता है अंधकार या अज्ञान तथा रु का अर्थ होता है हटाने वाला या अवरोधक । इसलिए गुरु शब्द का अर्थ अज्ञान को हटाने वाला या अंधकार को दूर करने वाला होता है । गुरु का ज्ञान भारी है ,गुरु का कार्य भारी है और गुरु की सेवा भी भारी ही है । इसलिए वह गुरु कहलाता है । गुरु ही अज्ञान तिमिर का अपने ज्ञानांजन शलाका से हरण कर देता है ।यानि अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य गुरु ही करता है । जिसके सम्बन्ध में ठीक ही कहा गया है।

अज्ञान तिमिरंध्श्च ज्ञानांजन शलाकया ।
चक्षुन्मिलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः।

एक बात और ध्यान देने योग्य है कि गुरु का महत्व सभी धर्मों व सम्प्रदायों में है । जैन, बौद्ध , सिक्ख, इसाई, पारसी,इस्लाम आदि सभी किसी न किसी रूप में गुरु की सत्ता में विश्वास रखते है । सभी गुरु का आदर करते हैं ।क्योंकि गुरु ही सबके ज्ञान का आधार है। मैं ऐसा धर्म ,संप्रदाय ,जाति नहीं देखता हूँ जो विना गुरु का हो , सबके अपने-अपने गुरु हैं ।गुरु के महात्म्य के सम्बन्ध में आदिकवि वाल्मीकीय भी कहते हैं-

स्वर्गोधनं वा धान्यं वा विद्या पुत्राः सुखानि च ।
गुरुवृत्यनुरोधेन न किंचिदपि दुर्लभम्।

अर्थात् गुरुजनों की सेवा का अनुसरण करने से स्वर्ग ,धन ,धान्य,विद्या ,पुत्र ,और सुख कुछ भी दुर्लभ नहीं होता है । यहाँ सेवा से अभिप्राय गुरु का अनुशासन है, उसका निर्देश ही सेवा है । भारतीय परंपरा में गुरु को व्रह्म , विष्णु और महेश के समकक्ष मानते हुए का गया है।

गुरुर्वह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरु साक्षात् परव्रह्म तस्मै श्री गुरवे नाम।

युग ऋषि ने 40 दिन पहले कर ली थी तैयारी अपने महाप्रयाण की

धीरज लाल टांक

उनके महा प्रयाण का समाचार पूरे भारत और दुनिया मे तेजी से फैल गया था, सभी छह स्थानो मे लक्ष वेदीय दीप यज्ञों की घोषणा हो चुकी थी सभी स्थानो पर गुरुदेव के भष्मी कलश पहुंचाए जा रहे थे, पूरे भारत के कार्यकर्ता अपने निकटस्थ स्थान के दीप यज्ञ के कार्यक्रम हेतु आरक्षण एवं यात्रा की तैयारी कर चुके थे, प्रत्येक यज्ञों मे चालीस हजार से लेकर एक लाख परिजंनो की उयपस्थिति देखी गई, और वहाँ पर पु गुरुदेव के भष्मी कलश पहुँच चुके थे, अतः सभी ने इसी रूप मे गुरुदेव के अंतिम दर्शन करके ऊर्जा और संतुस्टी प्राप्त की, परिणामतः हरिद्वार के बहुत ही समीप रहने वाले थोड़े से परिजन ही शांति कुंज पहुँच सके, अन्यथा इस हृदय विदारक समाचार को सुनकर शांति कुंज मे आगंतुक भीड़ का संतुलन बिगड़ जाने की पूरी संभावना थी। यही था युग दृस्टा

मुझे अच्छी तरह याद है पू गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने 1985 मे एक बार अपने उद्बोधन मे कहा था, मेरी मार्गदर्शक सत्ता ने मुझे पाँच वर्ष का एक्सटेंसन दिया है, कुछ जरूरी कार्य और दिया गया है, उन्हे इस अवधि मे पूरा करना है 7 एक तरह से उन्होने उसदिन 1990 मे अपने महाप्रयाण करने का संकेत पाँच वर्ष पूर्व ही दे दिया था।

जैसा की हम सब उन्हे युग दृस्टा, तपोनिस्ठ, वेदमूर्ती, आदि उपमाओ से विभूषित करते है, यह सारी क्षमता उनके दैनंदिन के कार्य और उनकी जीवन शैली को नजदीक से जिन्होने देखा है, उन्हे उनकी इस दक्षता का परिचय मिलता रहा है 7 उस विराट सत्ता ने अपने आप को हमेशा छिपा कर रखा था, अपनी शक्ति को कभी उजागर और प्रदर्शित नहीं होने दिया, केवल शृजन कार्य मे लगे रहे, अस्सी वर्ष की आयु मे आठ सौ वर्ष का काम करके चुप चाप निकल गए ऐसे थे युग दृस्टा। लगभग अप्रेल तीसरे सप्ताह 1990 के आस पास की तारीख होगी, शांति कुंज हरिद्वार मे पू गुरुदेव अपने कमरे मे कुछ विशिष्ट जनो से चर्चा कर उन्हे ससम्मान विदा करके, तत्कालीन शांतिकुंज व्यवस्थापक भाई बलराम सिंह परिहार को बुला कर कहा, आज संध्या 4 बजे सभी विभाग प्रभारियो को बुला लो, अगले दिनो की कुछ बड़ी तैयारियों की चर्चा करनी है।

लगभग 4 बजे शांति कुंज के समस्त क्रीम कोटी के वरिस्ठ लगभग अठारह बीस लोग उपस्थित हुए, गुरुदेव ने कहा घटना क्रम अगले दिनो तेजी से बदल रहे हैं, शुक्ष्म जगत मे जो विभीषिकाएँ मुझे दिखाई पड रही है, उनसे निपटने के लिये अब स्थूल शरीर की ताकत कम पड रही है, अतः मुझे शुक्ष्म मे रह कर अगले दिनो कार्य करना पड़ेगा, उन्होने भारत का नक्शा मंगाया, और कहा गायत्री जयंती 2 जून को है, अतः इन स्थानो को चुन लो, नक्शे मे पेसिल से कुछ शहरो के नामो पर निशान लगाया, गुजरात मे 1)अहमदाबाद, राजस्थान मे 2) जयपुर, उ प्र मे 3) लखनऊ, बिहार मे 4) मुजफ्फर पुर, और मध्य प्रदेश मे 5) भोपाल और 6) कोरबा, इन स्थानो मे 7 जून को संध्या विराट लक्ष वेदीय दीप यज्ञों का आयोजन घोषित कर दो एक दिन पूर्व अर्थात 6 जून को संध्या विशेष गोष्ठी का आयोजन, कार्यक्रम स्थल पर रख लो, सारे परिजन 6 जून

संध्या तक पहुँच जावे, इस बीच कही भी कुंडीय यज्ञ हो तो रोक दिया जावे। सभी को पत्र भेज दिया जावे, सभी परिजन अपने निकटस्थ क्षेत्र के दीप यज्ञ मे अवश्य शामिल हों। इन यज्ञों मे जुडने से वंचित कोई भी न रहे। परिजनो ने कुछ प्रश्न किया शंका समाधान और निवारण भी हुआ लेकिन कार्यक्रम यथावत रखा गया । सबके मन मे एक ही प्रश्न था एक ही तिथि मे सारे स्थानो मे क्यों ? लेकिन कहागया समय आने पर समझ मे आ जवेगा। गायत्री जयंती के एक दिन पूर्व अर्थात 1 जून 1990 संध्या अदरणीय डा प्रणव पण्ड्या जी को बुला कर कल की व्यवस्था का संकेत इन शब्दो मे दिया दिया, कल प्रातः से 12 बजे तक की दिनचर्या यथावत रहेगी इसमे कोई परिवर्तन न करे, दोपहर 12 बजे एक विशेस घंटी बजा कर सभी को प्रवचन कक्ष मे बुला के सूचना दे देना, इन शब्दो की अभिव्यक्ति तक तो श्रद्धेय को स्पस्ट नहीं हो पाया था कि गुरुदेव आखिर कह क्या रहे है, बाद के शब्द सुनकर उनके पैरों से जमीन खिसक गई, आगे गुरुदेव ने कहा मेरे शरीर को दर्शन वंदन के लिए अधिक देर तक मत रोकना, मै चाहता हूँ लोग मेरे शरीर से नहीं मेरे विचारों और साहित्य जुड़ें, संध्या 4 बजे तक यह पार्थिव शरीर अग्नि को समर्पित कर देना। इन शब्दो को सुन कर डाक्टर साहब एक दम अचंभित रह गए, मानो किसी ने आसमान से जमीन में फेक दिया हो, आंखो मे अश्रुधार की गंगा बह चली थी,

बहुत अनुनय विनय मनुहार करी गुरुदेव ने कहा मै केवल शरीर छोड़ रहा हूँ न तो शांति कुंज छोड़ रहा हु और नहीं यह मिशन, प्रखर प्रज्ञा मेरा घोषला होगा, चिंता मत करो अगले दिनो यह मिशन बहुत ही विस्फोटक गति से विस्तार लेगा फिलहाल जो कहा जा रहा है उतना ही करो। करुण आर्त लेकर वे नीचे आए वंदनीय माता जी से और श्रद्धेय शैल जीजी को बताया, संदेश को सार्वजनिक करने पर रोक लगी थी, अतः अन्य किसी से चर्च नहीं की। प्रातः 5 बजे प्रवचन मे जाने से पूर्व माता जी पू गुरुदेव से मिलने आयी, अश्रु पूरित श्रद्धा षिक्त नजरों से अपने आराध्य के अंतिम दर्शन किए, कुछ जरूरी निर्देश और हिदायतें दी गई, प्रवचन का समय प्रतिदिन 7, 30 से 9,00 होता था, गुरुदेव अपने साधना कक्ष मे ही रहे, लगभग 8,30 पूछा - माताजी प्रवचन से आ गई, सेवक ने बताया अभी नहीं, कुछ समय बाद उन्होने पुनः पूछा क्या माताजी आ गई सेवक ने बताया प्रवचन मंच से उतर रही है, इस शब्दो को सुनकर उन्होने माता गायत्री के चरणो मे नमन किया और अपनी चेतना को अनंत मे विलीन कर दिया 7 प्रवचन कक्ष से आने के बाद वंदनिया माताजी एवं परिवार के सभी सदश्य साधना कक्ष मे पहुंचे श्रद्धेय डा साहब ने चिकित्सक के नाते कुछ औषधि और इंजेक्सन देने का प्रयास किया, लेकिन आश्चर्य की शरीर कुछ भी लेने को तैयार नहीं था, सबकुछ वापस बाहर आ गया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोमल अंग सुकोमल

कोमल अंग सुकोमल नारी , भोर भये जाये पनघट पनहारी, अंग लपेट मनभावन सारी , चंचल चितवन चपल पग धारी । पांव मे नूपुर छमछम बाजे , माथे पर लाल टिकुली साजे, बूंद बूंद जल टपकाय केश , कमरिया पर गगरी साजे अधजल गगरी छलकत जाये , लचक लचक कमरिया बलखाये । छलक छलक जल , भीगे सारी सिमट सिमट जाये लाज से नारी ।।

– शिखा लाहीरी

बड़ी हवेली देख कर

बड़ी हवेली देख कर ,मत जाना तू रीझ, भीतर जाकर देखना, मन जाएगा खीझ, मन जायेगा खीझ ,बसे हैं पूजक धन के, इक दूजे से वैर ,दास हैं अपने मन के, कहे प्रदीपा सोच ,सुख दुख संग तू हेली, झुकना न कभी देख ,किसी की बड़ी हवेली।

– अग्निहोत्री प्रो. चंद्रकांता

खास पाती | लहू बहने दो पत्थर ओढ़कर



लहू बहने दो पत्थर ओढ़कर हूँ तेरी यादों की चादर ओढ़कर हूँ तबस्सुम हैं नहीं मेरे लबों पर ग़मों का आज लश्कर ओढ़कर हूँ लिये हाथों में ख़ंजर लोग मिलते ज़माने का अभी डर ओढ़कर हूँ मेरी आँखों से बहते हैं लहू अब किसी का ज़ख़्म अक्सर ओढ़कर हूँ ज़रा तुम पूछ लो फिर आईने से मुहब्बत का ही ख़ंजर ओढ़कर हूँ ठिकाना आज भी फुटपाथ मेरा मगर ख़्वाबों का ही घर ओढ़कर हूँ चमन की तितलियाँ ख़ामोश हैं अब चमन का सारा मंज़र ओढ़कर हूँ नहीं बहते हैं 'ऐनुल' अश्क मेरे ज़रा सा आज तेवर ओढ़कर हूँ।

– 'ऐनुल' बरौलवी

चराग़ ए दिल यूँ जला बुझा

चराग़ ए दिल यूँ जला बुझा तुम याद आये दर्द ए दिल कुछ हल्का हुआ तुम याद आये मैं तो खो सा गया था पिछले ही मोड़ से जब तेरी गली से गुजर गया तुम याद आये वो चांदनी वो बारिशें सड़क सड़क सफ़र सफ़र याद आया सब भूला हुआ तुम याद आये रात दिन तुझे सोचना लिखा लिखा मिटा मिटा दिखता रहा जो धुला हुआ तुम याद आये महफ़िल में यूँ तन्हा रहा जाम जैसे टूटा हुआ अपने से भी उक्ता गया तुम याद आये।

– मुनेश शर्मा

सावन अगन लगाये सखिया बैरी

सावन अगन लगाये सखिया बैरी बूंद न भाये खिया!! नैन भरे कजरा..दह जाये, जुल्मी बहुत सताये सखिया !! जा बैठे ....परदेश....बलमुआ , मुझ पे गजब ये ढाये सखिया!! रो..रही..मेघा मेरे...... संग में, चुप अब कौन कराये सखिया!! अबके सावन ... साजन आये, मन उपवन खिल जाए सखिया !!

– रूबी झा 'कमल'

सुधीर चौधरी ने आजतक

सुधीर चौधरी ने आजतक जॉइन किया। ये खबर इस बात की पुष्टि करती है की जी न्यूज से उसे निकाला गया है नोकरी से न कि खुद उसने छोड़ी है। बाकी अपना नया वेंचर वगैरह सब फॉल्स था। अब या तो आजतक बदलेगा या सुधीर चौधरी की निष्ठाए .. वैसे निष्ठा उसी के लिए होती है जो पैसा देता है।

– ओम प्रकाश जायसवाल

विपक्षी नेताओं के घर के बाहर कबूतरों ने सामूहिक आत्महत्या

विपक्षी नेताओं के घर के बाहर कबूतरों ने सामूहिक आत्महत्या का प्लान बनाया है। उनका कहना है कि अगर ये लोग शेर को शांति का प्रतीक मानते हैं तो हम कबूतरों को इतने सालों तक शांति का प्रतीक बता बता कर क्यों उड़ा रहे थे। धोखा है ये।

–रितेश सोनारे

जब भी तुझको देखती हूँ खुद सँवर जाती हूँ मैं याद कर तेरी

जब भी तुझको देखती हूँ खुद सँवर जाती हूँ मैं याद कर तेरी वो बातें फिर बिखर जाती हूँ मैं बात करने का बहाना तुम बनाते ही नहीं तुमसे लेकिन बात करने ही उधर जाती हूँ मैं मौन रहते हो सदा से कुछ कभी कहते नहीं बात करते हो कभी गर सच में डर जाती हूँ मैं इक सड़क हो दौड़ती सी तुम घने जंगल में और तुम से होकर ही तो जाती हूँ जिधर जाती हूँ मैं झील सी आँखों में उतरूँ या बहूँ मैं साथ-साथ तैरना आता नहीं 'भवि' बस गुज़र जाती हूँ मैं।

– शुचि 'भवि'

QUIZ TIME

1) खेलो इंडिया गेम्स- 2021 में किन चार स्वदेशी खेलों का शामिल करने का निर्णय लिया गया है?
2) जनसंख्या 2011 के अनुसार देश में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला जिला कौन-सा हैं?
3) रेलवे सुरक्षा बलों द्वारा रेलवे परिसरों एवं रेलगाड़ियों में अनधिकृत ब्रांड वाली पानी की बोतलों की बिक्री पर रोक हेतु चलाया गया अभियान का नाम क्या है?
4) वॉलीबॉल खेल का जनक किसे कहा जाता है?
5) वंशीधर भट्ट किस लोक नाट्य के प्रमुख कलाकार थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कलारीपयट्टू, गतका, थांग-टा तथा मल्लखंब (2) उत्तर-पूर्वी दिल्ली (3) ऑपरेशन थर्स्ट (4) विलियम जी. मॉर्गन (5) नाचा

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1223- फ्रांस में लुईस अष्टम सम्राट बना। 1456- बेलग्रेड के युद्ध में हंगरी ने ऑटोमन को पराजित किया। 1536- फ्रांस एवं पुर्तगाल ने स्पेन के खिलाफ लियोंस के नौसैनिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। 1636- मुगल बादशाह शाहजहां ने औरंगजेब को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया। 1656- सिख गुरू हर किशन जी का जन्म हुआ। 1789- फ्रांसीसी क्रांति की शुरुआत हुई। 1900- यूरोपीय गुट ने चीन से बॉक्सर विद्रोहियों के कब्जे से तिएन्तसिन को वापस लिया। 1914- रॉबर्ट एच. गोडार्ड ने तरल रॉकेट ईंधन का पेटेंट कराया। 1933- जर्मनी में नाजी पार्टी को छोड़ शेष सभी को गैर कानूनी घोषित किया गया। 1940- द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी के बमवर्षक विमानों ने स्वेज पर बमबारी किया। 1958- इराकी सेना ने राजशाही को समाप्त किया। 1969- जयपुर में मालगाड़ी और पैसेंजर ट्रेन की टक्कर में 85 लोगों की मौत। 1972- तत्कालीन सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया। 1987- ताइवान में 37 वर्षों के सैनिक शासन का अंत हुआ। 1999- मेकरी मोरीटा पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री नियुक्त हुए। 2007- फिलिस्तीन के प्रधानमंत्री सलम फयाद ने अपने पद से इस्तीफा दिया। 2014- इंग्लैंड के चर्च ने महिलाओं को भी बिशप बनाने के पक्ष में वोट किया। 2015- नासा का न्यू हॉरिजन प्लूटो पर जाने वाला प्लूटो पर जाने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना। 2016- राकेश चतुर्वेदी बने सीबीएसई के नए चेयरमैन।

■ न्यूज गैलरी

खाद की किल्लत, किसानों की बढ़ी परेशानी

बिलासपुर (नव प्रदेश)। रूस यूक्रेन युद्ध के कारण डीएपी की आपूर्ति ना होने के कारण राज्य सरकार ने किसानों को डीएपी के विकल्प के रूप में सुपरफास्फेट खाद का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के गोदामों में खाद की आपूर्ति पर्याप्त ना होने के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। सुपर फास्फेट की भी कमी बनी हुई है। समितियों में खाद ना मिलने के कारण बाजार में अब कालाबाजारी की भी शिकायतें मिलने लगी है। ऊंचे दाम पर किसानों को खाद खरीदना पड़ रहा है। खेती किसानी का सीजन शुरू हो गया है। बोवाई और रोपाई दोनों ही पद्धति से खेती करने वाले किसान इन दिनों खेती किसानी के काम में व्यस्त है। रोपा पद्धति से खेती करने वाले किसान खेतों की मताई कर रहे हैं। धान की रोपाई से पहले किसान खेतों में पहले डीएपी का छिड़काव करते हैं। डीएपी की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण विकल्प के रूप में सुपर फास्फेट की आपूर्ति करने का निर्देश राज्य शासन ने दिया था। आपूर्ति ना होने के कारण समितियों से किसानों को सुपर फास्फेट भी नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण परेशानी बढ़ने लगी है। किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है। समितियों में आपूर्ति संकट का असर पर किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

दिव्यांगजन ट्रायसायकल के लिए कर सकते हैं आवेदन

मुंगेली (नव प्रदेश)। निःशुल्क मोटराईज्ड ट्रायसायकल (बैटरी चलित) प्रदाय योजना के अंतर्गत पात्रता रखने वाले दिव्यांगजन जिला कलेक्टोरेट स्थित समाज कल्याण विभाग के कक्ष क्रमांक 140 एवं 141 में कार्यालयीन दिवस व समय पर उपस्थित होकर अनिवार्य दस्तावेज के साथ आवेदन कर सकते हैं। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने बताया कि अध्ययनरत् दिव्यांग छात्र-छात्राओं हेतु मोटराईज्ड ट्रायसायकल (बैटरी चलित) प्राप्त करने के लिए आवेदक जिले का मूल निवासी हो, आयु 16 वर्ष से 55 वर्ष के बीच हो, दिव्यांगता 60 प्रतिशत या उससे अधिक हो, वर्तमान में स्वयं की अथवा आश्रित मामले में अभिभावक की मासिक आय 20 हजार रूपए तक हो और नियमित छात्रों को शैक्षणिक संस्था से प्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य है। इसी प्रकार रोजगार/स्वरोजगार हेतु मोटराईज्ड ट्रायसायकल प्राप्त करने के लिए आवेदक जिले का मूल निवासी हो, दिव्यांगता 70 प्रतिशत या उससे अधिक हो, रोजगार में कार्यरत् दिव्यांगजन को संबंधित कार्यालय प्रमुख से पे स्लीप व शपथ पत्र, वर्तमान में स्वयं की अथवा आश्रित मामले में अभिभावक की मासिक आय 20 हजार रूपए तक हो।

इंग्लिश मीडियम स्कूल में पीटीएम का आयोजन

मुंगेली (नव प्रदेश)। इग्नाईट गवर्नमेंट प्रायमरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पीटीएम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक एवं पालक के बीच नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी उपस्थित हुए। उन्होंने विद्यालय की समस्याओं को एवं उपलब्धियों को बारिकी से सुना एवं उनके समाधान हेतु आश्वासन दिया। उन्होंने बिल्डिंग के मरम्मत हेतु डेढ़ लाख रूपये तक का सहयोग देने की घोषणा की। साथ ही साथ बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर वार्ड 14 के पार्षद राहुल कुर्रे की मद से बाथरूम की मरम्मत एवं ग्राउंड के सुधार व जल निकासी हेतु जिरो गिट्टी डलवाने, 2 अतिथि शिक्षक दिलाने, पेयजल की उत्तम व्यवस्था एवं अन्य कई समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पार्षद राहुल कुर्रे, संजय सिंह, श्रीनिवास सिंह, रोहित शुक्ला, आरिफ खोखर, अभिलाष सिंह, राजेश छेदईया, ललिता सोनी, प्रदीप पाण्डेय, प्रधान पाठक लखन राजपूत, शिक्षक शांति भानु, अतिथि शिक्षक पिंकी दीक्षित, रानी कुशराम सहित पालकगण उपस्थित रहे।

जिले में मिले नए 11 कोरोना संक्रमित

मुंगेली (नव प्रदेश)। जिले में आज पुनः 11 कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है। वहीं 3 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। मंगलवार को जिले में 283 लोगों की जांच के दौरान 11 पॉजिटिव मरीज सामने आए। इसमें सर्वाधिक मरीज लोरमी ब्लॉक से हैं। यहां कुल 5 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। इसी तरह पथरिया ब्लाक से 4 एवं मुंगेली ब्लाक से 2 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को एंटीजन किट से 280 लोगों की जांच गई, जिसमें 10 संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी तरह 3 आरटीपीसीआर सैंपल की जांच में 1 कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जिले में कोरोना संक्रमण के दौरान अब तक कुल 26001 मरीजों की पहचान हो चुकी है। इनमें से कुल 25740 स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 41 है। सर्वाधिक मरीज लोरमी ब्लॉक से हैं। यहां कुल 5 संक्रमितों की पुष्टि हुई है। इसी तरह पथरिया ब्लाक से 4 एवं मुंगेली ब्लाक से 2 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। मुंगेली ब्लाक के फास्टरपुर एवं जरहागांव से 1-1 कोरोना संक्रमित मिले है। लोरमी ब्लाक के बिठलदह से 2, ठरकपुर से 1, उरईकछार एवं सरईपतेरा से 1-1 कोरोना संक्रमित मिले है। इसी तरह पथरिया ब्लाक के पथरिया से 1, भवरकछार से 1, सीएचसी सरगांव से 1, सल्फा से 1 मरीज कोरोना संक्रमित मिले है।

शहीद पुलिस अधीक्षक को दी गई श्रद्धांजलि

मुंगेली (नव प्रदेश)। मदनवाड़ा राजनांदगांव में 2009 में नक्सलकाण्ड में शहीद पुलिस अधीक्षक विनोद चैबे को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह, कोतवाली प्रभारी गौरव पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी सेल सागर सोलंकी, जिलाध्यक्ष आईटी सेल आदर्श प्रिंशु दुबे, उमेश धृतलहरे, सूर्यकांत सोनी, पुलिस विभाग अमित कौशिक, रामकुमारी, लोकेश सिंह, मुकेश मिश्रा, योगेश यादव, नागेंद्र परिहार आदि उपस्थित थे।

राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को मिले पट्टा : कलेक्टर

स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं करें दुरुस्त : कलेक्टर

■ **गौठानों में रीपा गतिविधि बढ़ाने दिए निर्देश**

■ **समय-सीमा की बैठक में योजनाओं के प्रगति की हुई समीक्षा**

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। जिले के कलेक्टर सौरभ कुमार ने समय सीमा की बैठक में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं योजनाओं और विकास कार्यो की प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल और स्कूल शासन की आधारभूत सुविधाएं हैं इसलिए इनके बेहतर संचालन के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों तथा सभी अनुविभागों के एस.डी.एम. को समय-समय पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के भी निर्देश दिए ताकि आम जनता और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं मिल सके। उन्होंने जिले के सभी गौठानो के प्रगति की समीक्षा की तथा रीपा के अंतर्गत आजीविका गतिविधि बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि गौठानों में फेंसिंग निर्माण, वेल्डिंग मशीन लगाकर भी की महिलाओं को रोजगार दिया जा सकता है। उन्होंने मांग और नवाचार के अनुरूप आजीविका गतिविधि बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राजीव गांधी आश्रय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को पट्टा मिलना चाहिए। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने जनहित के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जन स्वास्थ्य के मुद्दों को प्राथमिकता में लेते हुए उसका तत्काल निराकरण करें और सभी अधिकारी टीम भावना के साथ काम करते हुए क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं को पहुंचाने के लिए मैदानी कर्मचारी नियमित तौर पर निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करें। उन्होंने कहा कि आम जनता, ग्रामीणों और किसानों को सहूलियत देना शासन का लक्ष्य है। कलेक्टर ने भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा हितग्राहियों की शत-प्रतिशत एंट्री करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। रोका-छेका अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने ज्यादा आवागमन वाले मुख्य सड़कों पर अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना योजना, लोक सेवा गारंटी, धान के बदले अन्य फसल योजना आदि की विस्तार से समीक्षा करते हुए समय-सीमा में बेहतर कार्य करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्रगति की जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्य को समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के भी निर्देश दिये।

राजस्व तथा अवैध कब्जा प्रकरणों के निराकरण में लायें तेजी

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा, व्यपवर्तन, नक्शा-बंटाकन, डिजीटल हस्ताक्षर, खाता विभाजन, नजूल पट्टा आदि लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि राज्य नें डायवर्सन के संपूर्ण अधिकार एसडीएम को दिए हैं इसलिए ऐसे प्रकरण जिले में नहीं आने चाहिए। उन्होंने डायवर्सन पोर्टल और भुइयाँ पोर्टल में एकरूपता लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डायवर्सन के बाद इसका रिकॉर्ड भुइयाँ पोर्टल में भी दिखना चाहिए ताकि कोई असमानता न रहे।कलेक्टर ने अवैध कब्जा संबंधी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण कर व्यवस्थापन करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सरकारी खसरे की जमीन जिसमें अवैध कब्जा नहीं हुआ है, उसे सूचीबद्ध करते हुए वेबसाइट में एंट्री करने के निर्देश दिए ताकि ऐसे प्रकरणों का समुचित निपटारा किया जा सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयश्री जैन, वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत, नगर निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

साड़ी फंसने से मोटरसाइकिल से महिला गिरी, हालत गंभीर

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। मोटरसाइकिल के पीछे बैठी महिला की साड़ी पहिया में फंस गई। इससे महिला चलती मोटर साइकिल से नीचे गिर गई। हादसा से उसे गंभीर चोट लगी है। पुलिस की डायल 112 टीम ने घायल महिला को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया है। सिम्स के डाक्टरों की टीम घायल महिला की इलाज कर रही है। बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम पेंडरवा के रहने वाली 35 वर्षीय राधा नेताम पति सुखी राम नेताम अपने अपने रिश्तेदार के घर ग्राम रहंगी गई थीं।

मंगलवार को वहां विजय नेताम के साथ मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव जा रही थीं। राधा पीछे बैठी थीं। विजय तेज रफ्तार से चला रहा था। इसी दौरान राधा की साड़ी मोटरसाइकिल के पहिया में फंस गई। इससे वह जमीन पर गिर गई। इससे राधा के सिर, हाथ, पैर, चेहरे में गंभीर चोट लगी है। घटना के बाद आसपास भीड़ जुट गई। पहिया में फंसी साड़ी को कैची से काटकर अलग किया गया। इसके बाद विजय नेता ने पुलिस की डायल 112 को फोन कर सूचना दी। आरक्षक राजेश श्रीवास और चालक शशांक दास तत्काल मौके पर पहुंचे। तब घटना स्थल पर राधा नेताम खून से लथपथ पड़ी थी। वह दर्द से तड़प रही थी। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उसे पुलिस वाहन में बिठाया गया। वहां से तत्काल मेडिकल कालेज सिम्स में भर्ती कराया गया। केजुअल्टी वार्ड के डाक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया। फिलहाल घायल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है।

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल बना राशनकार्ड

मुंगेली (नवप्रदेश)। जिले के लोरमी विकासखण्ड के सुदूर वनांचल ग्राम महामाई के 03 हितग्राहियों की राशन संबंधी समस्या अब दूर हो गई। कलेक्टर राहुल देव के निर्देश श्रीमती नीतू अगरिया, श्रीमती टीश्वरी मरकाम और श्रीमती जामुनवती यादव का तत्काल राशनकार्ड बनाया गया। जिला खाद्य अधिकारी देवेन्द्र बग्गा ने आज इन हितग्राहियों के परिजन को जिला कलेक्टोरेट में नवीन राशनकार्ड वितरण किया। राशनकार्ड लेने पहुंचे ग्राम बिसौनी के चतुरभान यादव ने बताया कि उनके द्वारा ग्राम पंचायत में कई बार आवेदन देने के बाद भी नवीन राशनकार्ड नहीं बन पाया था। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता था। उन्होंने बताया कि विगत दिनों ग्राम में जनसमस्या निवारण शिविर भी लगाया गया था।

बिलासपुर में गायों को दुर्घटना से बचाने के लिए पहनाया रेडियम बेल्ट

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। शहर में घूमने वाली गायों की सुरक्षा को लेकर समाजसेवी संस्था शांता फाउंडेशन ने सड़कों पर विशेष अभियान चलाया। अभियान के दौरान गायों के गले में एक खास किस्म के रेडियम बेल्ट पहनाए गए हैं। इस बेल्ट के कारण गाय दूर से वाहनों को नजर आ जाएंगे। इससे दुर्घटना नहीं होगा और गाय व आदमी दोनों सुरक्षित रहेंगे। समाजसेवी संस्था शांता फाउंडेशन की यह अच्छी पहल है। इस तरह के प्रयास अन्य संस्थाओं को भी करना चाहिए। शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं, जहां गाय बैठी न हो।

शहर की विद्युत व्यवस्था में कुछ खास नहीं है। अधिकांश जगहों में अंधेरो छाया रहता है। इन्हीं कारणों से सड़क पर गाय नजर नहीं आता। इस वजह अक्सर दुर्घटनाएं होती है। शहर के अंदर व बाहर दुर्घटनाएं हो भी चुकी है। इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए फाउंडेशन ने पहल करते हुए बिलासपुर की सड़कों पर अभियान चलाया। सड़कों पर घूमनेवाली गाय के गले में इस खास किस्म की रेडियम बेल्ट को पहनाया। इससे अंधेरे में भी दूर से आती हर गाड़ियों की रोशनी से बेल्ट चमकेगी। जिससे ड्राइवर सर्तक हो जाएंगे और इंसानों के साथ-साथ पशु भी घायल होने से बच सकेंगे।

शांता फाउंडेशन टीम के सदस्यों ने शहर के तोरवा अरपा पुल व मोपका बिलासपुर सड़कों पर घूम-घूमकर मिलनेवाले हर पशुओं के गले में बेल्ट को बांधा। ताकि बढ़ती दुर्घटना को रोका जा सके।शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी नीरज गेमनानी ने बताया कि कोई भी जानबूझकर सड़क पर बैठी गायों को टक्कर नहीं मारते है, लेकिन दूर से नजर न आने के कारण कई बार मवेशी हादसों का शिकार हो जाते है।

महिला ने की आत्महत्या, पति के खिलाफ अपराध दर्ज

नव प्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। पचपेड़ी में एक साल पहले नवविवाहिता ने खुद पर आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच में पता चला कि विवाहिता का पति चरित्र शंका को लेकर आए दिन मारपीट करता था। इससे तंग आकर महिला ने आत्महत्या की है। मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है।पचपेड़ी क्षेत्र के मचहा निवासी विशाखा पटेल(22) ने 19 जुलाई 2021 को अपने घर में खुद पर मिट्टीतेल डालकर आग लगा ली थी। झुलसी महिला को स्वजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए।

डाक्टरों ने उनकी स्थिति देखते हुए रायपुर रेफर कर दिया। रायपुर के डीकेएस अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। एक महीने चले उपचार के बाद 27 अगस्त 2021 को महिला ने दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रायपुर पुलिस ने इसकी जानकारी चार महीने पहले पचपेड़ी थाने में दी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। विवाहिता के मायके वालों ने बताया कि उसका पति अभय पटेल चरित्र शंका को लेकर मारपीट करता था। इससे वह परेशान रहती थी। इसी कारण से महिला ने खुद पर मिट्टीतेल डालकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों के बयान के आधार पर पुलिस ने पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है।

दो करोड़ रुपए की लागत से तैयार उपकेंद्र से 10 गांवों को मिलेगा लाभ

बिलासपुर। पेंड्रारोड संभाग के ग्राम अंधियारखोह में 33 व 11 केव्ही उपकेंद्र का निर्माण किया गया है। दो करोड़ चार लाख रुपये की लागत से तैयार इस उपकेंद्र से 10 गांवों के लिए लगभग पांच हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बिजली सप्लाई को लेकर कंपनी के पास और भी ऐसी कई योजनाएं है। जिसे धीरे- धीरे की जा रही है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड बिलासपुर क्षेत्र के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सुविधा को बेहतर बनाने के लिए नए कार्य किए जा रहे हैं। इसी अंतर्गत पेंड्रारोड़ संभाग के ग्राम अंधियारखोह में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र का निर्माण किया गया है। जिससे आसपास के लगभग गांवों के उपभोक्ता बेहतर विद्युत सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। पेंड्रारोड संभाग के कार्यपालन अभियंता यूके सोनवानी ने बताया कि तीन से चार पहले भेंट मुलाकात कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस उपकेन्द्र का लोकार्पण किया गया था । दो करोड़ चार लाख रूपये की लागत से निर्मित 33/11 केव्ही , 3.15 एमव्हीए उपकेंद्र के ऊर्जीकृत होने से 11 केव्ही फीडर अंधियारखोह एवं डाहीबहरा फीड़र से ग्राम अंधियारखोह, गुम्माटोला , गंगपुर, डाहीबहरा, हर्री, दर्री, भस्कुरा, खैरझिटी, साल्हेघोरी एवं पंडरीपानी के उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 15/लो.क.वि./न.पा.नि./जोन क्र. 02/2022 — रायपुर, दिनांक 12/07/2022

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न प्रस्तावित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा पद्धति में कम/अधिक दर एस.ओ.आर. में लिफाफा अ में सीलबंद निविदाएं तथा लिफाफा ब में एफ.डी.आर. आमंत्रित की जाती है। इस हेतु कोरा निविदा प्रपत्र दिनांक 03.08.2022 को संध्या 4.00 बजे तक निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 08.08.2022 को संध्या 4.00 बजे तक पंजीकृत डाक से जोन क्रमांक 02 में जमा किया जाएगा। प्राप्त समस्त निवदाएं उसी दिवस को संध्या 5.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निर्धारित अवधि में यदि किसी दिन अवकाश होता है तो उल्लेखित कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर संपन्न की जावेगी।

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	आगणित राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र मूल्य	ठेकेदार की श्रेणी	एस.ओ.आर.	समयावधि	निविदा प्रपत्र
1	दानवीर भामाशाह वार्ड क्र. 26 अंतर्गत सोलंकी गली से साहूपारा जैतखांब से रबी कुर्रे के मकान से इमली गली तक सी.सी. रोड एवं सी.सी. कवर्ड नाली निर्माण कार्य।	1836000=00	19000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	04 माह	अ
2	हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्र. 36 अंतर्गत मौदहापारा कब्रिस्तान में वेटिंग हॉल निर्माण कार्य।	500000=00	5000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
3	वार्ड क्र. 13 अंतर्गत कर्मा विद्या मंदिर साहू पारा में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	500000=00	5000=00	750=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	03 माह	अ
4	रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत कुम्हारपारा सुलभ के सामने स्थित नाले का मरम्मत कार्य।	149000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015	02 माह	अ
5	जोन अंतर्गत स्थापित सार्वजनिक बोर के लिए कंट्रोल पैनल/स्टार्टर क्रय करने का कार्य।	104000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	लो.नि.वि. विद्युत एण्ड मेकनिकल एस.ओ.आर. 01.01.2020	01 माह	अ
6	रमण मंदिर वार्ड क्र. 14 अंतर्गत पार्षद निधि से गार्डन चेयर प्रदाय कर लगाने का कार्य।	100000=00	2000=00	300=00	'डी' श्रेणी व एवं उससे ऊपर	नान एस.ओ. आर. आयटम दर अनुसार	01 माह	स

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्रत्येक कार्य के लिए पृथक-पृथक अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्वीकार की जाएगी। अमानती राशि की एफडीआर की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा। छायाप्रति संलग्न करने पर निविदा की प्रक्रिया से सीधे उम्मीदवारी निरस्त कर दिया जावेगा।
2. सक्षम बैंक साल्वेंसी, पंजीयन कापी, आईटीआर क्लीयरेंस प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, जीएसटी की फोटो कापी स्वप्रमाणित आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र नोटरी द्वारा सत्यापन सहित प्रस्तुत करना होगा।
4. ठेकेदार/सप्लायर्स के द्वारा अंतिम भुगतान से पूर्व जीएसटी विभाग से बकाया न होने संबंधी प्रमाण पत्र (Tax Clearance Certificate) अथवा पूर्ण देय कर जमा किए जाने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा।
5. अंतिम भुगतान या धरोहर राशि की विमुक्ति के पूर्व, देय कर का शासकीय कोष में जमा कराए जाने का सत्यापन कराया जाना होगा।
6. ठेका कार्य सिर्फ जीवित GST पंजीयन धारक को प्रदाय किया जावेगा। अन्यथा नगर निगम, रायपुर द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम रायपुर के पास सुरक्षित है।
8. निविदा प्रपत्र हेतु सक्षम श्रेणी में लो.नि.वि. छ.ग. शासन से पंजीकृत ठेकेदार ही आवेदन कर सकेंगे।
9. निविदा संबंधी अन्य शर्तें एवं जानकारियां कार्यालय अवधि/ दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्र. 02
नगर पालिक निगम, रायपुर

योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर अधिक से अधिक किसानों को लाभांवित करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने ली कृषि, पशुधन एवं मछली पालन विभाग की समीक्षा बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कलेक्टर राहुल देव ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कृषि, पशुधन और मछली पालन विभाग की बैठक लेकर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना संचालित किया जा रहा है। उन्होंने इस योजना का बेहतर क्रियान्वयन कर अधिक से अधिक किसानों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले में धान के बदले अन्य फसल के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत हासिल करें। इसके लिए किसानों से चर्चा कर उन्हें धान के बदले अरहर, गन्ना, सोयाबीन, उड़द, मूंग, सुगंधित धान, मूंगफली और उद्यानिकी फसल लेने प्रेरित करें। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराएं और उनका आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी करें। कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से धान के बदले अन्य फसल के लिए ग्रामवार प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि की जानकारी ली और शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम का भ्रमण कर किसानों को विभागीय योजना की जानकारी दें एवं उन्हें योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को समितियों का निरीक्षण कर खाद-बीज के वितरण के संबंध में जानकारी लेने तथा कृषि विभाग के उप संचालक को नियमित मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को पंजीकृत करने, राजीव गांधी ग्रामीण कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने, शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में खरीदे गए गोबर को शेड नही होने की स्थिति में परंपरागत तकनीक से सुरक्षित रखने, उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट का समितियों के माध्यम से उठाव सुनिश्चित करने, गौठानों में फलदार पौधों का रोपण करने और सभी गौठानो में मशरूम उत्पादन हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप गौठानों को आजीविकामूलक गतिविधि केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए गौठानों में अधिक से अधिक आजीविकामूलक गतिविधि कराने के निर्देश दिए, जिससे समूह की महिलाएं इन गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

शराबी युवक ने शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर पिता का सर धड़ से किया अलग

रामानुजगंज/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के ग्राम पंचायत आरागाही नवापारा में सोमवार की रात 8 बजे के शराब के नशे में धुत युवक ने अपने पिता की मामूली विवाद में टांगी से मारकर सिर को धड़ से अलग कर दिया। टांगी लेकर अन्य लोगों को भी मारने की धमकी देता रहा, देखते देखते वहां काफी संख्या में लोग जमा हो गए। किसी ने नजदीक जाने की हिम्मत नहीं जुटाई। इस बीच सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची, जिसके द्वारा काफी मशक्कत के बाद युवक पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार पॉलिटेक्निक के बगल में भुइयां टोली में रहने वाले नामदेव भुइयां का अपने पुत्र दीपचंद के साथ शराब का सेवन करने के बाद

कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दीपचंद ने टांगी से अपने पिता के सिर पर ही वार कर दिया, जिसके बाद उसके पिता गिर गए। वार करके सर को धड़ से अलग कर दिया। इस दौरान शोर-शराबा सुनकर दीपचंद का भतीजा अजय कुमार दौड़ते हुए मौके पर आया पर तब तक सिर धड़ से अलग हो गया था। उसे भी दीपचंद नजदीक आने पर मार डालने की धमकी देने लगा। थाना प्रभारी सुषमा सिंह, सब इंस्पेक्टर मनोज सिंह प्रधान, आरक्षक रवि मिश्रा, मायापती सिंह सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच युवक पर काबू पाया एवं उसे पकड़कर रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध पर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पुत्र अपने पिता से शराब पीने के लिए पैसा की मांग कर रहा था जिसे लेकर विवाद शुरू हुआ एवं उसने पिता की हत्या कर दी।

6 शादी कर चुका है आरोपी

दीपचंद के द्वारा 6 शादियां की गई थी परंतु इसके प्रताड़ना से परेशान होकर सब छोड़ दे रही थी। इस बीच छठवीं पत्नी जो झारखंड के बली गढ़ की थी वह भी प्रताड़ना से परेशान होकर 8 दिन पूर्व चली गई थी।

पूर्व में भी पिता के साथ करता था मारपीट

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दीपचंद पहले भी अपने पिता के साथ मारपीट करता था एक बार तो इतना मार दिया था कि पिता बेहोश हो गए थे कई बार पत्नी एवं पिता थाने तक भी पहुंचे थे परंतु इस बार मामूली बात में आक्रामक होकर दीपचंद ने पिता का सिर धड़ से अलग कर दिया।

डायवर्सन टूटने की सूचना मिलने पर आधी रात नक्सलियों के गढ़ में पहुचें कलेक्टर

कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल डायवर्सन सुधार कार्य शुरू

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा अतिवृष्टि के कारण बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर सतत् नज़र बनाये हुए हैं और स्वयं नदी-नालों, पुल-पुलियों पर जाकर निरीक्षण भी कर रहे हैं। रात्रि में कलेक्टर को सूचना मिली कि भारी बारिश के चलते नारायणपुर जिले के अंतिम छोर कड़ेमेटा कैम्प के आगे भारी बारिश के चलते डायवर्सन टूट गया है। जिले के अंतिम छोर और घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कलेक्टर सहित पूरा प्रशासनिक अमला रात 2 बजे मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। मौका पर पाया कि पुल के ऊपर से पानी का बहाव हो रहा है। सावधानी बरतते हुए कलेक्टर ने पुल के ऊपर से आवागमन को प्रतिबन्धित कराया। साथ ही मौके पर जवानों को तैनात भी किया गया। कलेक्टर ने पानी का बहाव कम होने पर आवागमन को बहाल करने और तत्काल इस डायवर्सन को ठीक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और सेना के जवानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

कंट्रोल रूम और नोडल अधिकारी का नम्बर जारी

कलेक्टर ने भारी बारिश में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने हेतु अपर कलेक्टर अभिषेक गुप्ता को बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्ति किया है। अपर कलेक्टर का दूरभाष नंबर 07781-252905 एवं मोबाईल नंबर 91657-57092 है। कार्यालय कलेक्टर के कक्ष क्रमांक-20 में बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07781-252214 है। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष हेतु अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे चालू रहेगा।

कलेक्टर जनदर्शन में बिखरी खुशियां, डीएम ने विवेक को दिलवाया तत्काल निवास प्रमाण पत्र

कलेक्टर ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश, कहा-प्रमाण पत्रों के लिए न भटके छात्र

बलरामपुर/नवप्रदेश। संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर विजय दयाराम के. की संवेदनशीलता के कारण कुसमी निवासी विवेक प्रजापति को तत्काल निवास प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। ज्ञातव्य है कि विवेक कुमार प्रजापति का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है, निवास प्रमाण पत्र के अभाव में उन्हें प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश लेने में कठिनाई हो रही थी। कलेक्टर ने उनके आवेदन पर संज्ञान लेते हुए तहसीलदार कुसमी को निवास प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देश दिया, जिस पर तत्काल अमल करते हुए तहसीलदार कुसमी द्वारा आवेदक का जनदर्शन स्थल पर ही निवास प्रमाण जारी किया गया, जिसे कलेक्टर के द्वारा आवेदक को प्रदाय किया गया। निवास प्रमाण पत्र पाकर विवेक प्रजापति ने खुशी जाहिर करते हुए कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

जनदर्शन में राज्य शासन के मंशानुरूप लोगों के परेशानियों को सुनकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने अधिकारियों से आमजनता को अनावश्यक परेशान न करते हुए उनके आवेदनों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में आज कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से स्कूल में गुणवत्ता विहिन भोजन देने, भूमि कब्जा दिलाने, लोक सेवा केन्द्र की लाइसेन्स प्रदान करने, आंख की इलाज के संबंध में, जिगड़ी संकुल संगठन को मदरसा संकुल के लिए नहीं देने, जाति प्रमाण पत्र जारी करने, भू-अर्जन तैयार कर मुआवजा राशि प्रदान करने, स्कूल निर्माण गलत खसरा नम्बर में होने से सुधार करवाने, वनभूमि पट्टा, निजी आवास निर्माण हेतु सहयोग प्रदान करने, हल्का पटवारी द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान करने, आर्थिक सहायता, बंदोबस्त के दौरान हुई गलती को सुधार करवाने, अवैध अहाता निर्माण पर रोक लगाने, भूमि वापसी के संबंध में, स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश दिलाने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इसी प्रकार पर्यवेक्षक की मानदेय रोके जाने के संबंध में, जमीन विवाद, भूमि की अवैध कब्जे पर दावा-आपत्ति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति नहीं होने, ग्राम सभा में पंचायत सचिव द्वारा कोई सूचना नहीं देने, शासकीय उद्यान में नियमित रोजगार उपलब्ध कराने, शौचालय निर्माण कार्य का भुगतान नहीं होने, सर्पदंश से मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को सहायता राशि नहीं मिलने, ऋण पुस्तिका का द्वितीय प्रति प्राप्त करने, पशुहानि की मुआवजा राशि नहीं मिलने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करते शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये।

बाढ़ नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

बीजापुर/नवप्रदेश। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला एवं तहसील स्तर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत हेमेन्द्र भूआर्य डिप्टी कलेक्टर को जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया जिसका मोबाईल नम्बर 9399952311 एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07853-220291/7587291848 इसी तरह तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी तहसील बीजापुर एवं गंगालूर हेतु दुकालू राम तहसीलदार बीजापुर जिनका मोबाईल नम्बर 9343325429, जुगल किशोर पटेल नायब तहसीलदार भैरमगढ़ मोबाईल नम्बर 9300350093, तहसील भोपालपटनम हेतु नायब तहसीलदार सूर्यकांत मोबाईल नम्बर 9479108608, तहसील उसूर हेतु मोहन लाल साहू नायब तहसीलदार मोबाईल नम्बर 8966850356, एवं तहसील कुटरू हेतु फणेश्वर सोम सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख मोबाईल नम्बर 9770609423 को नियुक्त किया गया है। जन साधारण उक्त अधिकारी से उनके मोबाईल नम्बर एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष एवं मोबाईल नम्बर पर बाढ़ की स्थिति तथा बचाव एवं राहत के लिए संपर्क कर सकते हैं।

14, 15 एवं 20 को प्लेस मेंट कैंप का आयोजन

कोरिया/नवप्रदेश। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि 14, 15 एवं 20 जुलाई को 11 बजे से 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, बैकुण्ठपुर के द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर (फील्ड वर्क) के 05 पदों, लाइफ मित्र (फील्ड वर्क) के 35 पदों, मेसर्स एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, पेन्ड्रा, जिला-गौरेला-पेन्ड्रा-मरवाही के द्वारा डेवलपमेंट मैनेजर के 03 पदों, एडवाइजर के 50 पदों एवं जयकृष्णा, डीजीएम, स्कील डेवलमेंट, सीपीएफ- हैदराबाद द्वारा सिक्यूरीटी गार्ड एवं सिक्यूरीटी सुपरवाइजर के 500 पद हेतु भर्ती की जायेगी। उन्होनें बताया कि डेवलपमेंट मैनेजर (फील्ड वर्क) के लिए स्नातक पास, लाइफ मित्र (फील्ड वर्क) के लिए 12वीं पास, एडवाइजर, सिक्यूरीटी गार्ड एवं सिक्यूरीटी सुपरवाइजर पद हेतु 10वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक ऐसे आवेदक जो उपरोक्त योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंक सूची, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन कार्ड आदि की मूल प्रति एवं पासपोर्ट साईज की दो फोटो के साथ 14, 15 एवं 20 जुलाई 2022 जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

नकली 38 लीटर कैस्ट्रोल इंजन ऑयल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। कैस्ट्रोल इंजन ऑयल कंपनी से नकली इंजन ऑयल की जांच व कार्यवाही के लिए अधिकृत नई दिल्ली ब्राण्ड एडी एन्ड रिक्स मैनेजमेंट प्रा.लि. के दिलीप कुमार ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रेमनगर स्थित सतीश ऑटो मोबाईल में नकली कैस्ट्रोल इंजन ऑयल बिक्री किया जा रहा है। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना प्रभारी को नकली इंजन ऑयल बेचने वाले के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रेमनगर की पुलिस ने बाजारपारा प्रेमनगर स्थित सतीश ऑटो मोबाईल के यहां दबिश दिया गया जहां से 38 लीटर अलग-अलग नकली कैस्ट्रोल लिखा सील बंद डिब्बा बरामद किया गया। संचालक से इंजन ऑयल के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग किए जाने पर कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। मामले में 38 लीटर नकली इंजन ऑयल कीमत 15820 रुपए का जब्त कर कापीराईट अधिनियम 1957 की धारा 63 के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी विवेक साहू पिता बंशीलाल उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। नकली इंजन ऑयल आरोपी कहां से लाया था इसके बारे में आगे की जांच की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रेमनगर विपिन लकड़ा, एसआई निर्मल राजवाड़े, एएसआई ललित तिर्की, प्रधान आरक्षक राम प्रसाद साडिल्य, आरक्षक बेचूराम सोलंकी, सोहन नेताम व सैथ्नक सुभान अंसारी की अहम भूमिका रही।

रोका-छेका अभियान के तहत गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर भी आयोजित

कोरिया/नवप्रदेश। राज्य में चालू खरीफ सीजन के दौरान रोका छेका अभियान पुनः चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसकी सफलता के लिए सभी किसानों एवं पशुपालकों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि फसलों की बुवाई के बाद किसानों की सबसे बड़ी चिन्ता फसलों की देखभाल और उसकी सुरक्षा की होती है। फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका का अभियान महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, इससे हमारी फसल और पशुधन दोनों सुरक्षित रहेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने ग्राम पंचायत आनी स्थित गौठान से जिले में रोका छेका अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को रोका छेका अभियान के उद्देश्य की जानकारी दी और अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करने कहा। कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित विभागों को भी रोका-छेका अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई पशुपालक बाहर सड़कों पर अपने पशुधन छोड़ता है तो उस पर जुर्माने की कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी प्रदेशव्यापी रोका-छेका का अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान फसल को चराई से बचाने के लिए पशुओं को नियमित रूप से गौठान में लाया जाना है। गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, पशु नस्ल सुधार हेतु बधियाकरण, कृत्रिम गर्भधान एवं टीकाकरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री शर्मा ने जिले के सभी विकासखंड में अभियान का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि रोका-छेका प्रदेश की पुरानी परंपरा है। राज्य में बीते सालों में भी यह अभियान चलाया गया था, जिसका परिणाम बड़ा ही उत्साहजनक रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य में चालू खरीफ सीजन के दौरान 20 जुलाई तक यह अभियान पुनः चलाया जा रहा है।

प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 18 जुलाई को, 90 पदों पर होगी भर्ती

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिला रोजगा एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 18 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 से शाम चार बजे तक कम्पोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा सिविल इंजिनियर, साईट इंजिनियर, सिक्युरिटी गार्ड, हेल्पर, टेलीकॉलर, ड्राइवर, डिलीवरी बॉय के रिक्त कुल 90 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र पुष्पा चौधरी ने बताया कि पांचवीं, दसवीं, टेली, स्नातक और सिविल बीई शैक्षणिक योग्यताधारी आवेदक साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने हेतु पात्र होंगे। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र सहित दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ नियत तिथि को प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित हो सकते हैं ।

धमतरी में अब तक 427 मिमी औसत वर्षा दर्ज

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में एक जून से अब तक 427.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जहां सबसे अधिक कुकरेल तहसील में 514.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, वहीं कुरूद तहसील में सबसे कम 308.3 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इसी तरह नगरी तहसील में 511.5 मिलीमीटर, धमतरी में 476.2 मिलीमीटर, मगरलोड में 418.7 मिलीमीटर और भखारा में 333.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में आज 110.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। आज जहां कुकरेल तहसील में सबसे अधिक 175 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, वहीं कुरूद तहसील में सबसे कम 61.1 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी तरह आज धमतरी तहसील में 148.4 मिलीमीटर, मगरलोड में 115.9 मिलीमीटर, नगरी में 97.8 मिलीमीटर और भखारा तहसील में 63.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अब बुधवाई की पढ़ाई में नही आयेगी बाधा

कलेक्टर की पहल से स्कूल में हुआ एडमिशन

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर संजीव झा की त्वरित पहल से विशेष पिछडी जनजाति पहाडी कोरवा पुत्री कु. बुधवारी का एडमिशन स्कूल और आश्रम शाला में हो गया है। एडमिशन हो जाने से बुधवारी को पढाई करने के लिए दूर नही जाना पडेगा। जिससे उनकी आगे की पढाई में बाधा नही आयेगी। बुधवारी अब आसानी से आश्रम शाला में रहकर अपनी आगे की पढाई पूरी कर पायेगी। दरअसल विशेष पिछडी जनजाति पहाडी कोरवा वर्ग के ग्राम करतला निवासी जीवन राम अपनी पुत्री बुधवारी का शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल करतला में एडमिशन करवाने के लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था। उन्होने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा सातवी तक रजगामार के स्कूल में पढाई पूरी की है। वर्तमान में ग्राम करतला में निवासरत होने के कारण पुत्री का एडमिशन करतला के स्कूल में कराने के लिए आवेदन किया। साथ ही करतला के आश्रम शाला में भी भर्ती करने के लिए निवेदन किया। कलेक्टर श्री झा ने बच्ची के भविष्य को ध्यान में रखते हुए जीवन राम के आवेदन पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को बच्ची का एडमिशन करतला के स्कूल में करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को बच्ची को करतला के आश्रम शाला में भर्ती कर आगे की पढाई में सहयोग करने के लिए निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश पश्चात बच्ची का एडमिशन करतला के स्कूल में कर दिया गया है। साथ ही उनके रहने के लिए आश्रम शाला में भी प्रवेश दिला दिया गया है। अब कुमारी बुधवारी आश्रम शाला में रहकर पास के ही करतला स्कूल में ही आसानी से अपनी पढाई पूरी कर सकेगी। अपनी बेटी का एडमिशन हो जाने पर जीवन राम ने कलेक्टर के प्रति आभार जताया है।

किडनी पीड़ित को मिलेगी नियमित डायलिसिस की सुविधा, कलेक्टर ने दिए निर्देश

राशन कार्ड का आवेदन लेकर पहुंची महिला को जनदर्शन में ही तैयार कर के दे दिया कार्ड

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर रानू साहू ने आज जनदर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याएं सुनी और मौके से ही निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। किडनी बीमारी से ग्रसित रायगढ़ के पंजरी प्लांट निवासी सीताराम यादव कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन लेकर आये थे। उन्होंने कलेक्टर को बताया कि किडनी बीमारी के कारण उन्हें सप्ताह में दो बार डायलिसिस कराना पड़ता है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका डायलिसिस तो रहा था लेकिन उसमें राशि खत्म हो जाने के कारण अब उनका डायलिसिस कार्य रूक गया है। उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने कलेक्टर के समक्ष जिला चिकित्सालय में अपना डायलिसिल करवाने हेतु मांग की। कलेक्टर ने उनकी मांग पर तत्काल सीएमएचओ डॉ.केशरी को नियमित डायलिसिस की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। जनदर्शन में रियापारा निवासी वृद्धा आशा लता तिवारी वृद्धा पेंशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने कलेक्टर से कहा कि पति की मृत्यु पश्चात एवं वृद्धा अवस्था के कारण जीविकोपार्जन में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को तत्काल उनका वृद्धा पेंशन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिए। पुसौर विकासखण्ड के ग्राम-मिड़मिड़ा निवासी धनुर्जय पंडा ने अपने खेत में रागी फसल लिया था। फसल खराब होने पर मुआवजा राशि की मांग के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। जिस पर कलेक्टर ने आवेदक के फसल नुकसान का आंकलन करने एवं उचित मुआवजा दिलाये जाने के संबंध में कृषि विभाग को निर्देश दिए।

67 लोगों ने अपनी समस्याओं से कराया अवगत

जनचौपाल में आज कुल 67 लोगों ने कलेक्टर को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जनचौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निदान के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने जन चौपाल में आए राशन, पेंशन, बिजली, राजस्व व आवास आदि की समस्याओं से संबंधित आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, आयुक्त नगर निगम संबित मिश्रा, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएचएमओ को ऑपरेशन कराने के निर्देश

रायगढ़ के सोनूमुड़ा निवासी रत्थू राम लम्बे समय से अपने हाइड्रोसिल बीमारी से परेशान थे, जिन्होंने जनचौपाल में कलेक्टरके समक्ष इलाज के संबंध में अपनी समस्या बतायी। कलेक्टरने तत्काल सीएमएचओ को संबंधित व्यक्ति का ऑपरेशन करवाने के निर्देश दिए। इसी तरह किरोड़ीमल नगर के मेहत्तर पटेल अपनी पुत्री का कक्षा 9 वीं में हाईस्कूल में एडमिशन के लिए आवेदन लेकर आये थे। साथ ही उर्मिला यादव अपने पुत्र व बाबूलाल रत्नेश अपनी पुत्री का आरटीई के तहत प्राईवेट स्कूल में दाखिला दिलाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आये थे। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित आवेदन का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ही बन के मिल गया राशन कार्ड

जनदर्शन में सुशीला साव व किरण दीपक साकेत ने राशन कार्ड बनाये जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। कलेक्टर ने खाद्य विभाग को पात्रता की जांच कर तत्काल आवेदकों को राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए। जिस पर खाद्य विभाग द्वारा तत्काल उनका प्राथमिकता राशन कार्ड बनाया गया। जिसे कलेक्टर ने आवेदिका सुशीला साव को प्रदान किया। कार्ड मिल जाने पर उसने खुशी व्यक्त करते हुए कलेक्टर का आभार जताया। वहीं एक अन्य आवेदिका छेदिन बाई निषाद का राशन कार्ड में नामिनी परिवर्तन का भी कार्य किया गया।

पार्षद ने डोर टू डोर डेंगू नियंत्रण जागरूकता अभियान चलाया

■ कूलरों में जमा पानी स्वयं खाली किया, पूरे माह चलेगा अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी बारिश को ध्यान में रखते हुए नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा डेंगू नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने पण्डित रविशंकर शुक्ल वार्ड में इस अभियान को गति प्रदान करते हुए आज यादवपारा में डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जागरूक किया। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य ने डोर टू डोर अभियान चलाते हुए मोहल्लावासियों को ना केवल डेंगू के कारणों, लक्षणों की जानकारी दी, बल्कि इसके साथ ही उनके घरों का निरीक्षण कर कूलरों में जमा पानी को साफ करवाया। कई घरों में कूलरों में जमा पानी को पार्षद ने लोगों को जागरूक बनाते हुए स्वयं खाली किया। अभियान में घर - घर जाकर लोगों को क्लोरीन टेबलेट वितरित की गयी। गमलों में भी पानी ना भरा रहे इसका भी विशेष ध्यान रखने एवं कहीं पर भी घर में पानी जमा न रहे, इसका ध्यान रखने का आव्हान वार्डवासियों से किया। इस अभियान में नगर निगम जोन 4 के कार्यपालन अभियन्ता लोकेश चंद्रवंशी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव एवं जोन 4 स्वास्थ्य विभाग के सम्बंधित कर्मचारीगण उपस्थित थे। आकाश तिवारी ने कहा कि हर वर्ष डेंगू से कई जानें चली जाती है। लोगों को जानकारी रहे और वे अपनें घरों में कहीं भी पानी जमा होने न दें, तो डेंगू के मच्छर पैदा ही नहीं होंगे। ऐसा करके कई जानें बचायी जा सकती है। वे और उनकी टीम सुपर 30 आगामी बारिश में पूरे माह भर इस अभियान को चलायेगी और वार्ड को डेंगू मुक्त वार्ड बनाया जायेगा।

निगम जोन 4 की टीम ने 800 वर्गफीट शासकीय भूमि को कब्जामुक्त करवाया

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार नगर निगम जोन 4 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम के साथ मिलकर निगम जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले पण्डित भगवती चरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 57 के तहत बैरन बाजार फव्वारा चैक के पास लगभग 800 वर्गफीट शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा जमाकर लगाये गये अवैध पान ठेला को थ्री डी मशीन की सहायता से हटाकर शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करवाने की कार्यवाही अभियान चलाकर निगम जोन 4 के जोन कमिश्नर विनय मिश्रा के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियन्ता लोकेश चंद्रवंशी, सहायक अभियन्ता दीपक देवांगन सहित अन्य संबंधित निगम अधिकारियों की उपस्थिति में की गयी।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा पर दी शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को गुरू पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने गुरू पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में कहा है कि भारतीय संस्कृति में गुरू को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। महाभारत और वेदों के रचयिता महर्षि वेद व्यास के अवतरण दिवस आषाढ़ पूर्णिमा के दिन भारत में गुरू पूर्णिमा मनाने की परम्परा रही है। इस दिन गुरूओं के अमूल्य ज्ञान और मार्गदर्शन के प्रति सम्मान और आभार प्रकट किया जाता है। गुरू जीवन में अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान की रोशनी लेकर आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरूओं द्वारा दी गई अमूल्य शिक्षा को जीवन में उतारकर हमें आगे बढ़ना चाहिए।

राजभवन में आयोजित होगा मेडिटेशन शिविर

रायपुर। कल 13 जुलाई 2022 को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर राजभवन में मेडिटेशन शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके के साथ राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस शिविर में शामिल होंगे।

कलेक्टर ने ली स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ.

सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित कार्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संचालित योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए है। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के प्रबंध संचालक मयंक चतुर्वेदी ने स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत पूर्ण की गई एवं संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस बैठक में मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल सहित स्मार्ट सिटी के सभी अधिकारी उपस्थित थे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सभी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने 24ङ्ग7 जलापूर्ति योजना, नगर निगम ग्राउंड एवं जे.आर. दानी स्कूल भवन जीर्णोद्धार सहित तालाबों के रख-रखाव व सौंदर्यीकरण कार्यों की भी विस्तार से जानकारी ली। बैठक में अवगत कराया गया कि 24ङ्ग7 जलापूर्ति योजना का क्रियान्वयन शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। समीक्षा के दौरान यह भी बताया गया कि दानी स्कूल एवं नगर निगम ग्राउंड का कार्य अंतिम चरण में है। कलेक्टर डॉ. भुरे ने युवाओं को शैक्षणिक संसाधन सुलभ कराने शहर के मध्य वाचनालय की सुविधा हेतु स्थल चयन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी इस बैठक में दिए है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 308.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 308.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 12 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 714.4 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 120.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 140.9 मिमी, सूरजपुर में 189.3 मिमी, जशपुर में 138.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

देश और दुनिया को आज भगवान महावीर के विचारों और सिद्धांतों सबसे ज्यादा जरूरत: मुख्यमंत्री बघेल

■ मुख्यमंत्री शामिल हुए विशुद्ध वर्षायोग कार्यक्रम में

■ आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज से प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि आज देश और दुनिया को भगवान महावीर के सत्य, अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। आज देश और दुनिया में कट्टरता और हिंसा का वातावरण है। हम सहजता, सरलता, सहिष्णुता को भूल गए हैं। हम किसी दूसरे को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। दूसरे के विचारों के लिए थोड़ा भी स्थान नहीं है। ऐसे समय में महावीर जी के वचनों का, उनके सिद्धांतों का, श्रवण करना व अनुसरण करना समाज के लिए बहुत आवश्यक है।

मुख्यमंत्री आज रायपुर के सन्मति नगर फाफाडीह स्थित विशुद्ध सभा गृह में आयोजित विशुद्ध वर्षायोग कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज द्वारा विरचित और ताम्रपत्र पर छपे 'सत्यार्थ बोध' ग्रंथ का विमोचन किया। शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज सहित 21 संतों के चातुर्मास के लिए रायपुर आगमन पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री ने शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज से प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज को छत्तीसगढ़ की चार चिन्हारी नरवा, गरूवा, घुरूवा, बारी संकल्पना, योजना एवं कार्यप्रणाली पर केन्द्रित पुस्तक भेंट की। यह पुस्तक समग्र ग्रामीण विकास पर केन्द्रित है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि हमारा सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ में आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के साथ 21 संतों का आगमन हुआ है। भगवान महावीर के जो सिद्धांत है, उसका पालन करना, सत्य, अहिंसा, अस्तेय जैसे व्रत का जीवन में पालन करते हुए संत की उपाधि प्राप्त करना, कोई साधारण मनुष्य के बस की बात नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों के चरण रज पड़ने से सुखद वातावरण निर्मित होता है। हम विशुद्ध सागर जी महाराज के विचारों को सुनेंगे व जीवन में उतारेंगे, उसका पालन करेगें, तो समाज में भाईचारा और प्रेम स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा इस साल का चातुर्मास हम सबके लिए यादगार रहेगा। वैसे भी चातुर्मास का सबको इंतजार रहता है। तपती धूप के बाद जैसे धरती को भी जल का इंतजार रहता है। वनस्पति और जीवों को भी पानी का इंतजार रहता है, वर्षा की फुहार पड़ती है, तो धरती तृप्त हो जाती है। उत्साह का संचार होता है।

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बूस्टर बनी गोधन न्याय योजना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना आज पूरे देश में सुर्खियां बटोर रही है, पशुपालकों, किसानों और ग्रामीणों के लिए शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना और स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रबंधन को बढ़ावा देना है ताकि गांवों में आर्थिक तंत्र को मजबूत किया जा सके और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर। इस योजना में सरकार पशुपालकों से 2 रूपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीद रही है, जिसमें प्रदेश के 75.38 लाख क्विंटल गोबर की खरीदी कर गोबर विक्रेताओं को 150.75 करोड़ रुपए का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से हितग्राहियों के खातों में भेजा गया है। गोधन न्याय योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के अवसर बढ़े हैं, यही कारण है कि स्थानीय रोजगार बढ़ने से शहर की ओर पलायन कम हुआ है। इस योजना ने हजारों परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनाई है।

खरीदी किए गोबर से गौठानों में संचालित स्व-सहायता समूह की महिलाएं कंपोस्ट, वर्मी कंपोस्ट, सुपर कंपोस्ट, गोबर से गुलाल, जिसे दीया, गमला इत्यादि चीजों का निर्माण करती हैं। गौरतलब है कि स्व-सहायता समूह के सखी क्लस्टर संगठन अंजोरा राजनांदगांव और कुमकुम महिला ग्राम संगठन सांकरा दुर्ग की महिलाओं ने द्वारा तैयार किए गए 23 हजार 279 किलो हर्बल गुलालों को यूरोप एक्सपोर्ट किया गया। गोधन न्याय योजना प्राकृतिक खाद के प्रयोग से रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

छापामार कार्रवाई में 12 क्विंटल से अधिक पॉलिथीन बैग जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी चीजों का उपयोग प्रतिबंधित करने के बाद प्रशासन ने भी इसके विरूद्ध कार्रवाईयां शुरू कर दी है। सिंगल यूज पॉलिथीन बैग की दो फैक्ट्रियों पर छापामार कार्रवाई कर प्रशासन के अधिकारियों ने 12 क्विंटल 35 किलो पॉलिथीन बैग और प्लॉस्टिक जब्त की है। इसके साथ ही दोनों फैक्ट्रियों को सील कर उनके बिजली कनेक्शन को काटने के निर्देश भी विद्युत वितरण कंपनी के स्थानीय अधिकारियों को दिए गए है। तहसीलदार डॉ. अजंली शर्मा ने विधानसभा चौक के पास सकरी गांव में स्थित संतोषी प्लास्टिक संस्थान में औचक निरीक्षण कर 8 क्विंटल 75 किलो सिंगल यूज प्लॉस्टिक कैरी बैग जब्त किए है। वहीं नायाब तहसीलदार नारायण चंद्राकर ने आरंग तहसील के कुटेसर स्थित शिवसन्स पॉलिमर्स में छापामार कार्रवाई कर 3 क्विंटल 60 किलो सिंगल यूज प्लॉस्टिक कैरी बैग जब्त किए है। उल्लेखनीय है कि एक जुलाई से शासन ने सिंगल यूज प्लॉस्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। दुकानों और बाजारों में पॉलिथिन में सामान देने पर जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद बनाने वाले छोटे-बड़े कारखानों पर भी छापामार कार्रवाई कर उत्पादन बंद कराया जा रहा है।

कांग्रेस के बीआरओ, डीआरओ, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सीएम की उपस्थिति में हुई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस की निर्वाचन प्रक्रिया को गति देने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारियों, ब्लॉक निर्वाचन अधिकारियों और प्रदेश कार्यकारिणी तथा जिला अध्यक्षों की बैठक प्रदेश निर्वाचन अधिकारी उमर हुसैन दलवई, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने स्वागत भाषण दिया तथा अध्यक्षीय प्रतिवेदन दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने संगठन की मजबूती तथा निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्षता से करवाने का सुझाव दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी उमर हुसैन दलवई ने सभी डीआरओ, बीआरओ को चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दिया तथा सभी को क्षेत्रों में बैठक कर सामंजस्य बनाने का निर्देश दिया।

अजीत जोगी युवा मोर्चा ने घेरा सीएमएचओ कार्यालय

■ आखिर हम जाए तो जाए कहां? कोरोना में अपनी जान जोखिम में डालकर किया काम, अब तरस रहे नौकरी के लिए*

रायपुर/नवप्रदेश। भयंकर कोविड काल में अपने घर परिवार से दूर रहकर अपनी जान की बाजी लगाकर कोरोना मरीज़ों की रात और दिन सेवा करने वाले लगभग स्टाफ नर्सों को स्वास्थ्य विभाग ने निकाल दिया गया है जबकि उन्हें बकायदा नियुक्ति प्रदान की गई थी और आने वाले समय में स्थायी नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था लेकिन जैसे ही कोविड के मामले कम हुए सरकार उनके साथ यूज़ एंड थ्रो की पॉलिसी अपनाते हुए उनको सेवा मुक्त कर दिया गया है। जिससे दुखी और नाराज होकर आज स्टॉफनर्सों ने अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएमओ ऑफिस का घेराव कर स्टॉफ नर्सों को सेवा में बहाल करने का मांग किया। इस दौरान अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ विरोध प्रदर्शन में शामिल महिलाओं के आंसू छलक पड़े और उन्होंने कहा इस सरकार का हम बुरे वक्त में काम आए लेकिन जब हमें रोजगार देने की बात आई तो वह हमारे साथ अन्याय कर रही है। इस दौरान विरोध प्रदर्शन नेतृत्वकर्ता अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा जिन लोगों ने शासन की सेवा में अपनी जान की बाजी लगाकर विपरीत परिस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ खड़े थे। सरकार ने उनको ही काम से निकाल दिया और उनको सरकार के सामने दोनों हाथ फैला कर काम मांगना पड़ रहा है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। सरकार स्टॉफ नर्सों के साथ विश्वासघात कर रही है जबकि सरकार को ऐसे स्टाफ नर्सों का सम्मान करते हुए हर हाथ में काम देना चाहिए। यदि स्टॉफ नर्सो की शीघ्र बहाली नहीं की गई तो जोगी कांग्रेस आंदोलन करेगा।

अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश महासचिव नजीब अशरफ़ ने कहा कि कोरोना टीकाकरण केंद्रों व अस्पताल में पदस्थ समस्त स्टाफ नर्सों को एनबीएसयु में पदस्थ किया जाना है। किंतु आज दिनांक तक हमे किसी भी प्रकार का कोई नियुक्ति एवम आदेश प्राप्त नही हुआ हम सभी को एकम फाउंडेशन द्वारा एन एच् एम के पत्र के हवाले से हम सभी को निकाल दिया गया। हम सभी को पत्र के माध्यम से यह बताया गया

नर्सिंग यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र देवांगन कहा की सभी स्टाफ नर्सो की भर्ती एवम एकम फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2021 में कोरोना कॉल के दौरान किया गया था इन सभी की पोस्टिंग डॉ भीमराव आंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर में दिया गया था ये सभी डॉ भीमराव अंबेडकर हॉस्पिटल में कोरोना के दौरान अतिरिक्त कर्मचारियों के रूप में रखा गया था।जिसका कार्यभार विभिन्न कोरोना टीकाकरण केंद्रों एवम अस्पतालों में किया गया था।

शांति आरोग्यम् में आयुर्वेदिक उपचार से मरीजों का किया जा रहा उपचार

रायपुर/नवप्रदेश। शांति आरोग्यम् रायपुर शाखा में डॉ स्वाति विकेश जैन (MD Ayurvede) हर महिने 12 व 13 तारीख को अपनी सेवाएं दे रही है व सही आयुर्वेदिक उपचार नाड़ी द्वारा सही रोग निदान द्वारा सैकड़ों असाध्य रोगों से पीड़ित को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया है। सुकीर्ति गुप्त जो हमेंशा पेट दर्द, vereting आदि से लबे समय से परेशान थी GB steres थे उन्हे आयुर्वेदिक उपचार द्वारा पूर्णता स्वस्थ्य किया। साथ हुई वात रोग कम्पवात genit संबोधित Spendylisid के मरीज जो निरंतर दर्द निवारक दवाइयों का सेवन करते थे अब पूर्णतः स्वास्थ्य जीवन शैली जी रहे है। सुनीता शुक्ला 10 वर्ष से थाइराइड की दवाईयां ले रही थी 1 वर्ष के आयुर्वेदिक उपचार के बाद Altroxin बंद हो चुकी है व जल्द ही आयुर्वेदिक दवाईयां भी छूट जाएंगी। कमला देवी जैन 35 वर्ष से तीव्र माइग्रेन से पीड़ित थी व नित्य douly दवाईयां लेने पर सिरदर्द रहता था अब पूरी तरह स्वस्थ्य हो चुकी है। साथ ही नीलकंठ साहू दुर्ग निवासी को पेट की समस्या हमेशा रहती थी। 2 महीने में ही पूरी तरह स्वस्थ्य है व किसी भी प्रकार की gees, Acidity आदि की दवाईयों के सेवन की आवश्यकता नहीं है। साथ ही कर Fibroied कैंसर अस्थामा, आदि के कई मरीज स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। आयुर्वेद द्वारा सही निदान व सही उपचार आपको दीर्घायु व स्वस्थ्य जीवन शैली दिला सकता है। बिना किसी Side effect के डॉ. स्वाति के अनुसार यदि पूर्ण भारत वर्ष में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति मुख्य शाखा के रूप में स्वादित होती है। तो Suger thyroied, BP, कैंसर Asthama. TB. आदि को 60-80 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। व अन्य देशो भी अब आयुर्वेद में ही स्वस्थ्य जीवन देखते है। रायपुर विजिट शांति आरोग्यम् जीवन गंगा दानी बाड़ा के पास बूढ़ापारा रायपुर में स्थित है।

मनोरोगियों के लिए एम्स में बीस बिस्तर का पृथक वार्ड

■ ईसीटी और टीडीसीएस की सुविधा भी मिलेगी, आरटीएमएस की सुविधा भी शीघ्र

■ विशेषज्ञों ने आत्महत्या की रिपोर्टिंग में सावधानी बरतने को कहा

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में मनोरोगियों के लिए बीस बिस्तर का पृथक वार्ड 2सी2 में प्रदान किया गया है। इसकी मदद से मनोचिकित्सा के लिए आने वाले रोगियों को चिकित्सकों की निगरानी में उपचार प्रदान करने में काफी मदद मिलेगी। नए वार्ड में ईसीटी और टीडीसीएस की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही आरटीएमएस की सुविधा भी शीघ्र ही उपलब्ध करवाई जा रही है।

नए वार्ड का उद्घाटन निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और आस्ट्रेलिया स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न में प्रिंसिपल रिसर्च फैलो डॉ. ग्रेगरी आर्मर्स्ट्रांग ने किया। प्रो. नागरकर ने नए वार्ड और नई सुविधाओं के लिए विभाग के चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि इससे रोगियों को अत्याधुनिक इलाज के साथ प्रदेश के मनोरोग संबंधी अनुसंधान को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने आशा प्रकट की कि नई सुविधाओं के बाद रोगियों को एक ही स्थान पर सभी मनोरोगों का इलाज उपलब्ध हो सकेगा।

पूर्व में उक्त वार्ड आयुष भवन में संचालित किया जा रहा था जिसे कोविड के दौरान बी ब्लॉक में स्थानांतरित कर दिया गया था। अब यह वार्ड अपने निर्धारित स्थान पर पूर्ण सुविधाओं के साथ संचालित किया जा सकेगा।

विभाग द्वारा 'प्रीवेंटिंग सुसाइड इन इंडिया बाई इंप्रूविंग मीडिया रिपोर्टिंग ऑफ सुसाइड' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें डॉ. आर्मर्स्ट्रांग ने आत्महत्या संबंधी मामलों की रिपोर्टिंग में विशेष सतर्कता बरतने का सुझाव देते हुए कहा कि प्रमुख व्यक्ति के आत्महत्या करने और इसके मीडिया और सोशल मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित या प्रसारित करने से कमजोर मानसिकता और अवसादग्रस्त रोगियों को आत्महत्या के लिए प्रेरणा मिलती है। शोध में यह तथ्य ज्ञात हुआ है कि प्रमुख व्यक्ति के आत्महत्या करने के बाद इंटरनेट पर आत्महत्या संबंधी सर्च अधिक की जाती है। ऐसे में इन घटनाओं को विशेष सतर्कता के साथ रिपोर्ट करने की आवश्यकता है। उन्होंने मनोरोगों के लिए समाज में सकरात्मक माहौल बनाने पर भी जोर दिया।

विभागाध्यक्ष डॉ. लोकेश सिंह का कहना था कि विभाग में हर वर्ष लगभग बीस हजार मनोरोगी उपचार के लिए आते हैं। गंभीर रोगियों को अब सीधे वार्ड में एडमिट कर उपचार प्रदान किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि अधिकांश रोगी नशे की लत की वजह से किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त हो जाते हैं जिनका इलाज किया जाता है। विभाग में प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को नशा रोगियों की चिकित्सा के लिए विशेष क्लिनिक आयोजित किया जाता है।

रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे 3 वाहन जब्त

सूरजपुर/नवप्रदेश। एनजीटी का उल्लघंन करने वाले रेत से लदे 3 ट्रकों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ अग्रिम कार्यवाही के लिए खनिज विभाग को सुपुर्द किया है। 11 जुलाई की रात्रि में गश्त के दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि रेड़ नदी नमदगिरी चकदईया घाट एल-2 से ट्रकों में अवैध रूप से बालू लोड कर परिवहन किया जा रहा है। जिसकी सूचना से पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को अवगत कराने पर उन्होंने कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने बाईपास रोड़ में घेराबंदी कर एनजीटी का उल्लघंन करने वाले तीन 14 चक्का ट्रक को रोकवाया। पूछताछ पर वाहन चालकों ने रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया न ही कोई समाधान कारक जवाब दिए। पुलिस ने रेत से लदे तीनों ट्रकों के विरूद्व अग्रिम कार्यवाही हेतु खनिज विभाग को सुपुर्द कर दिया है।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचे कलेक्टर

दन्तेवाड़ा/नवप्रदेश। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों बारसूर के ग्राम पंचायत मुचनार के कोड़नार घाट, छिंदनार, पाहुउनार का निरीक्षण कर तहसीलदार व पटवारी को आवश्यक निर्देश दिए। तथा डुबान क्षेत्र में आने वाले परिवारों की जानकारी ली। उन्होंने क्षेत्र में खाद्यान्न के पर्याप्त भण्डारण वह इसके सुरक्षित व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। उन्होंने छिंदनार ब्रिज भी का भी अवलोकन किया। इस मौके पर एसपी सिद्धार्थ तिवारी, सीईओ जिला पंचायत आकाश छिकारा मौजूद थे।

आंबा सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए 22 तक आवेदन आमंत्रित

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले में एकीकृत बाल विकास परियोजना नगरी के तहत आंगनबाड़ियों में सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आगामी 22 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आठवीं पास, स्थानीय इच्छुक महिलाएं, एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय नगरी में सीधे अथवा डाक के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केन्द्र सांकरा क्रमांक 01, बांसपानी, राजपुर क्रमांक 03, दिनकरपुर, गोरेगांव, भोथली, बोकराबेड़ा, बहीगांव, बगरूमनाला, बीजापुर और पथर्रीडीह में सहायक के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाया गया है।

कलेक्टर ने किया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के ईव्हीएम वेयर हाउस में सुरक्षित रखे हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं व्हीव्ही पैट का कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल और कांकेर एसडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी धनंजय नेताम भी मौजूद थे।

तलवार लहरा कर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। शहर में खूलेआम तलवार लहराते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना कांकेर में सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी नवाज अली गिल्ली चौक के पास तलवार लहरा कर लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना की तस्दीक पुलिस द्वारा किया गया तस्दीक के दौरान मौके पर आरोपी के कब्जे से एक धार दार तलवार जब्त किया गया आरोपी नवाज अली पिता यूसुफ अली उम्र 37 वर्ष निवासी संजय नगर कांकेर को आर्म्स एक्ट की धारा 25 27 के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

रामानुजगंज/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव विधायक बृहस्पत सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल, कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष जमुना सागर सिंह, पार्षद अशोक जयसवाल स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विकास दुबे उपस्थिति में आयोजित किया गया इस अवसर अतिथियों के द्वारा तिलक लगाकर मुंह मीठा करा अध्ययन सामग्री प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक बृहस्पत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सोच एवं पक्का इरादा से आज पूरे प्रदेश में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित हो रहे हैं जहां गरीब घर के बच्चे भी जो पहले अंग्रेजी माध्यम स्कूल में नहीं पढ़ पाते थे आज पढ़ रहे हैं। मुझे देखकर बहुत खुशी होती है कि हम लोग जहां पहले

ए,बी,सी,डी कक्षा छठवीं से सिखते थे। वहीं आज के बच्चे कक्षा पहली से अंग्रेजी में बोलना शुरू कर देते हैं। यहां का रिजल्ट उत्कृष्ट रहे बच्चों का भविष्य उज्जवल रहे यही मेरी शुभकामनाएं है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर स्कूल के बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल की जमकर सराहना की।

बच्चों की प्रस्तुति की जमकर हुई सराहना

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों के द्वारा सामूहिक नृत्य एकल गान सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो एक से बढ़कर एक थे जिसकी विधायक बृहस्पत सिंह सहित अतिथियों के द्वारा जमकर सराहना की गई कहा कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विधाओ में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

अतिरिक्त कमरों की मांग जल्द पूरी की जायगी

विद्यालय के प्राचार्य ने कमरों की कमी के कारण दो पारियों में स्कूल संचालित किए जाने की समस्या विधायक को बताई जिस पर विधायक बृहस्पत सिंह के द्वारा अतिरिक्त कमरों की मांग जल्द पूरा करने एवं बच्चों को खेलने के लिए मैदान की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का आश्वासन दिया

जिले में सबसे अधिक दर्ज संख्या संख्या वाला स्कूल

जब सन 2020 में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ हुआ था उस समय छात्र-छात्राओं की संख्या 354 थी जो इस वर्ष बढ़कर 658 हो गई है। इस प्रकार नगर में संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल जिले में सबसे अधिक जनसंख्या वाला स्कूल है। जिसमें कक्षा पहली से लेकर 10वीं तक के सीट फुल है।

अधिक कीमत पर खाद बेचने पर होगी कार्रवाई : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा की तथा निजी दुकानदारों द्वारा ज्यादा कीमत पर रासायनिक खाद बेचते पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए सभी राजस्व अधिकारी एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला विपणन अधिकारी द्वारा जिले में खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी दी गई। इस वित्तीय वर्ष में सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के लिए सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सेवा निवृत्त होने वाले कर्मचारियों की जानकारी दी जाये तथा यह भी उल्लेख किया जाये कि सेवा निवृत्त लोगों में कितने लोगों का पेंशन प्रकरण अब तक नहीं बना है। कलेक्टर ने दुर्घटना के प्रकरणों में अविलंब आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। देवगुड़ी, घोटुल तथा देव स्थल का राजस्व अभिलेख में दर्ज करने के निर्देश भी दिये गये। प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजनांतर्गत शत-प्रतिशत किसानों का केवायसी करने कहा गया तथा धान के बदले अन्य लाभकारी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रामीण कृषि अधिकारी को लक्ष्य देने के निर्देश उप संचालक कृषि को दिये गये। ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान्न भंडारण का भौतिक सत्यापन करने तथा इन गांवों में स्थित शासकीय संस्थाओं जैसे-स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि का निरीक्षण करने के लिए सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि डायरिया नियंत्रण के लिए मितानिनों की बैठक ली जाये तथा प्रकरण पाये जाने पर उसकी सूचना तत्काल दिया जावे। गौठानों में स्थित तालाबों में मछली पालन करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

संभाग कमिश्नर ने अनुसूचित जनजाति समुदाय प्रमुखों के साथ की बैठक

- जाति प्रमाण पत्र, वनाधिकार पट्टे सहित विभिन्न विषयों पर की गई चर्चा

कोरिया/नवप्रदेश। सरगुजा संभाग आयुक्त जीआर चुरेंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुसूचित जनजाति समुदाय प्रमुखों के साथ बैठक की गई। बैठक में अलग अलग जातियों में जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही विभिन्न कठिनाइयों पर चर्चा की गई एवं निराकरण के संबंध में अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। संभागायुक्त ने बैठक में कहा कि शासन द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के नियमों में सरलीकरण किया गया है। जिससे लोगों को प्रमाणपत्र प्राप्त करने में सुविधा हो रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (सामाजिक प्रास्थिति के प्रमाणीकरण का विनियमन) नियम 2013 के प्रावधानों के तहत जहां जाति को प्रमाणित करने हेतु कोई दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध नहीं हो तो ग्राम सभा द्वारा आवेदक की जाति के संबंध में पारित संकल्प को मान्य करते हुए जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। इसी तरह से नगर पंचायत या नगरपालिका परिषद अथवा सामान्य सभा द्वारा की गई उद्घोषणा को जाति तथा मूल निवासी के संबंध में साक्ष्य के रूप में मान्य करते हुए नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रमाण पत्र जारी करते हुए विशेष ध्यान रखें जिससे अपात्र व्यक्ति को प्रमाण पत्र ना मिले। उन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के संबंध में कार्यवाही की भी जानकारी दी। बैठक में पाव पबिया के जाति प्रमाण पत्र बनने में आ रही समस्या से अवगत कराया गया जिसपर संभाग आयुक्त ने आदिम जाति अनुसंधान के अधिकारियों को विशेष अध्ययन कर समाधान करने की बात कही। इसी तरह फर्जी पट्टे की शिकायत संज्ञान में आने पर तुरंत एफआईआर कराने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया गया है।

बैठक में जनप्रतिनिधि, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं समुदाय प्रमुख उपस्थित थे।

छात्रों को आनंद और उत्साह के साथ ही पढ़ाई कराना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ प्रियंका शुक्ला ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विद्यार्थियों के पढ़ाई में उमंग और उत्साह के साथ अध्ययन कराने के लिए निर्देशित किये। समीक्षा करते हुए उन्होंन कहा कि शासन द्वारा निःशुल्क गणवेश, पाठ्य पुस्तक और सायकिल वितरण शतप्रतिशत किया जाये। दिव्यांग बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण कराकर यूडीआईडी और दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। 01 से 18 वर्ष तक के कटे-फटे होट वाले बच्चों का स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिन्हांकित बच्चों का ऑपरेशन कराने के निर्देश दिये, साथ ही आवश्यकता वाले बच्चो को सहायक उपकरण भी प्रदान किया जावे, जिससे उन्हें सुविधा मिल सके। जिले के अध्ययनरत सभी बच्चो का स्वास्थ्य कार्ड बनाये जाकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण प्रतिमाह किया जावे, जिससे पढ़ाई में मदद मिलेगा। कलेक्टर ने जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यालय का समीक्षा करते हुए बच्चो की पढ़ाई संबंधी जानकारी अधिकारियों से लिया और उन्हें शतप्रतिशत परिणाम लाने के लिए निर्देशित किये। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के बच्चो का पढ़ाई में विशेष ध्यान देने के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किये। शिक्षा उमंग और उत्साह से प्राथमिक विद्यालय से ही देना सुनिश्चित करें, जिससे बच्चो में पढ़ाई के क्षेत्र में रूचि बढ़ सके। कक्षा में बच्चो की बैठक व्यवस्था रोटेशन अनुसार किया जाये, जिससे पढ़ाई में कमजोर बच्चो की गुणवत्ता में तेजी आयेगी, साथ ही जिले के बच्चो द्वारा कक्षा 12वीं के पश्चात जेई और नीट परीक्षा में भी सफ्लता प्राप्त करने में कामयाब हो सकेंगे। बच्चो को आनंद और उत्साह के साथ ही पढ़ाई कराये, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आयेगा। उपस्थित अधिकारियों ने बताये कि महीनों में टेस्ट लेने, प्रतिदिन होमवर्क देने और पाठ्यक्रम को समय सारणी के अनुरूप पूरा करने से बच्चो में गुणवत्ता तेजी से बढ़ेगा।

एक-एक शिक्षकों की लगेगी ड्यूटी

कलेक्टर ने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में संचालित आश्रम-छात्रावास में एक शिक्षक का ड्यूटी लगाई जाये, जो बच्चो को अध्यापन के साथ, बच्चों को प्रोत्साहित भी करे, शिक्षा में गुणवत्ता के साथ प्रतिस्पर्धा लाई जा सके। प्रतिमाह विद्यालयों में पालक-बालक सम्मेलन का आयोजन किया जाये, जिससे बच्चो में अध्ययन करने की जिज्ञासा बढ़ सके।

अनुपस्थिति शिक्षकों को जारी होगा नोटिस

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो शिक्षक लम्बे समय से अनुपस्थित हैं, उन्हे शीघ्र कार्य पर उपस्थित होने नोटिस दिया जावे। उन्होंने जिले में संचालित स्कूलों का मरम्मत कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को देने के लिए निर्देशित किये। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ सुमीत अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन, सहायक संचालक लक्ष्मण कावड़े, नवीन सिन्हा, राजीव गांधी शिक्षा मिशन के परियोजना अधिकारी आरपी मिरे, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी, स्वामी आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य, बीआरसी सहित प्राचार्यगण उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कोरोना की बूस्टर ...

ायु के 77 करोड़ लोगों में से सिर्फएक फीसदी लोगों ने ही बूस्टर डोज लगवाई है। ऐसे में माना जा रहा है कि मुफ्त टीकाकरण की पहल से इस आंकड़े में बड़ा इजाफ होगा और लोग सरकारी केंद्रों पर जाकर बचाव के लिए बूस्टर डोज लेंगे।

87 फीसदी लोगों को लग चुके कोरोना के दोनों टीके

बता दें कि बीते सप्ताह ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना की दूसरी डोज और बूस्टर डोज लेने के बीच के अंतर को घटाकर 6 महीने कर दिया था, जो पहले 9 महीने था। इसके अलावा देश में ज्यादातर लोगों को टीकाकरण के दायरे में लाने के लिए 1 जून से 'हर घर दस्तक अभियान 2.0' की भी शुरुआत की गई थी। दो महीने का यह अभियान फिलहाल जारी है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक देश में टीकाकरण के योग्य लोगों में से 96 फीसदी ने पहली डोज ले ली है। इसके अलावा 87 फीसदी लोग पहला टीका लगवा चुके हैं।

खाद की ओवररेटिंग...

शिकायतों पर सीएम नाराज : मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ अन्य राज्यों से काफी आगे हैं। रासायनिक उर्वरकों की कमी की पूर्ति काफी हद तक वर्मी कम्पोस्ट की जा सकती है। आने वाले समय में वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन बढ़ाना होगा। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों के ओव्हर रेट की शिकायतों के प्रकरणों में कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बारिश के दौरान संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा के दौरान आवश्यक दवाओं के पर्याप्त मात्रा में भण्डारण, शहरों में साफ-सफाई, जल स्त्रोतों, हैण्ड पम्पों की साफसफाई और क्लोरिनेशन कराने के निर्देश दिए। भू जल संरक्षण को लेकर प्राथमिकता देने के निर्देश : मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि मनरेगा के तहत भू-जल संरक्षण और संवर्धन की संरचनाएं प्राथमिकता के साथ निर्मित की जाएं। इससे भू-जल स्तर में सुधार होगा, सिंचाई के लिए जल की उपलब्धता बढ़ेगी और ईको सिस्टम के लिए भी लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में पिछले दो-तीन वर्षों में कराए गए नरवा विकास के कार्यों के अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। तमोरपिंगला और अचानकमार में हाथियों का दल काफी समय से एक स्थान पर है, क्योंकि वहां उन्हें पानी और चारा उपलब्ध हो रहा है। इसी तरह हाथी प्रभावित अन्य क्षेत्रों में भी नरवा विकास के कार्यों को तेजी से करने की आवश्यकता है, इससे हाथी मानव द्वंद्व कम होगा। गौठानों में चारागाह विकास की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि चारे का उत्पादन करने वाले समूहों को खुले बाजार में चारा बेचने की अनुमति दी जाए, इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी तथा अतिरिक्त चारा का साईलेज बनाकर मवेशियों के लिए उपलब्ध कराया जाए।

'राम सेतु' को लेकर 26...

26 जुलाई का दिन तय किया है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की एक पीठ ने स्वामी की ओर से दाखिल याचिका पर गौर किया, जिसमें इस मामले को सुनवाई के लिए तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया था।

यूपी को नया अध्यक्ष...

नियुक्ति की जानी है। त्रिपुरा में माणिक साहा के मुख्यमंत्री बनने के बाद वहां पर भी नया अध्यक्ष बनाया जाना है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर बिहार और दिल्ली में भी संगठनात्मक बदलाव किए जाने की संभावना है।

पार्टी संगठन के प्रभारियों में भूपेंद्र यादव के केंद्र सरकार में मंत्री बनने के बाद गुजरात और बिहार में अभी कोई प्रभारी नहीं है। हालांकि, वहां पर सहप्रभारी काम कर रहे हैं। जल्द ही दोनों राज्यों में पूर्णकालिक संगठन प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी। पश्चिम बंगाल में भी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय की जगह नया संगठन प्रभारी नियुक्त किया जाना है। विधानसभा चुनाव के बाद विजयवर्गीय ने एक बार भी पश्चिम बंगाल का दौरा नहीं किया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश और पंजाब में भी प्रभारियों में बदलाव किया जा सकता है। अभी राधा मोहन सिंह उत्तर प्रदेश और दुष्यंत गौतम पंजाब के संगठन प्रभारी हैं।

गोवा के बाद गुजरात ...

विधायकों ने सीट बदलने का आग्रह किया है, जिस पर पार्टी विचार करेगी।

इस बीच, कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के लिए कुछ दिन पहले सात कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए थे। इनमें वडगाम से विधायक एवं दलित नेता जिग्नेश मेवाणी भी शामिल हैं। पार्टी ने ललित कागथारा, रुत्विक मकवाना, अंबरीश जे डेर, हिम्मत सिंह पटेल, कादिर पीरजादा और इंद्रविजय सिंह गोहिल को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर जातीय समीकरण बनाने की कोशिश भी की है।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202207140400007
ब-20(4)/2021-22

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आनंदपुर ट्रस्ट पो. श्री आनंदपुर जिला अशोक नगर म.प्र. द्वारा महात्मा आद. दयानंद जी चेला श्री श्री 108 श्री स्वामी दर्शन पुरण आनंद जी महाराज निवासी आनंदपुर ट्रस्ट जवाहर नगर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 ए, प्लाट नं. 53/39 क्षेत्रफल 227.70 वर्गमीटर खाली जगह वार्षिक भू भाटक 1.45 सालाना श्री आनंदपुर ट्रस्ट पो. श्री आनंदपुर जिला अशोक नगर म.प्र. द्वारा महात्मा आद. दयानंद जी चेला श्री श्री 108 श्री स्वामी दर्शन पुरण आनंद जी महाराज निवासी आनंदपुर ट्रस्ट जवाहर नगर रायपुर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि में से संलग्न मानचित्र अनुसार 137.50 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय प्रयोजन हेतु ग्राउण्ड फ्लोर भवन निर्माण कराना चाहते हैं। आवेदन पत्र ब्लू प्रिंट नक्शा खसरा के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर/मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 04/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यालालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./परियोजना/न.नि./2022/387/183 भिलाई, दिनांक 11/07/2022

// RFP //

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत संजय नगर वार्ड 09 में जी.ई. रोड उत्तर गंगोत्री एवं संजय नगर तालाब के मध्य स्थित रिक्त भूमि आकार 14950 वर्गमीटर पर पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप पॉलिसी (Design, Finance, build, Operate, Transfer mode) के अंतर्गत वाणिज्यिक परिसर का निर्माण के लिए फीजीबीलिटी रिपोर्ट तैयार करने हेतु अनुभवी एवं सक्षम फर्म (Technical, Legal & Financial Expert) से प्रस्ताव (RFP) आमंत्रित की जाती है।

कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में परियोजना शाखा मुख्य कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com एवं UAD की साईट में देखी जा सकती है।

संलग्न- नियम एवं शर्तें।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालयीन आदेश

आदेश क्रमांक..../व.ले.लि./2022-23 बिलासपुर, दिनांक ....

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2022-23 दिनांक 04.05.2022 निविदा सिस्टम क्र. 98403 शिवघाट बैराज के अपस्ट्रीम से ओव्हर बर्डन रिमूवल (गाद सफाई) कार्य राशि रुपए 73.54 लाख को ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में अनुबंध नहीं करने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. जी 90876 दिनांक 08.05.2022

(प्रथम निरस्तीकरण)

सही/-
कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

जी-92955/4

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

नगर निगम टाउन हाल के पीछे पिन-495001 फोन नं. 07752-418657 Email-bridge_bilaspur@rediffmail.com

-:: निविदा निरस्त करने की सूचना ::-

क्रमांक 2566/NIT-34/2022-23 व.ले.लि./दिनांक 08.07.2022

इस कार्यालय द्वारा जारी किये गये एनआईटी क्रमांक NIT-34 निविदा क्रमांक T0035 दिनांक 27.06.2022 के निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

(सुकदेव राम सिन्हा)
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग
बिलासपुर (छ.ग.) मो. नं.9424288333

जी-92957/1

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड जिला- गौरेला-पेण्ड्रा- मरवाही (छ.ग.)

संशोधन क्र.- 2

निविदा सिस्टम क्र. 101727 में निविदा सूचना क्रमांक 06/व.ले.लि./2022-23 (द्वितीय आमंत्रण) पेण्ड्रारोड दिनांक 06/06/2022 (रैनकोटा जलाशय योजना) विज्ञापन क्र. 91947 दिनांक 07.06.2022 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :

S.No.	Amendment
1.	Online Tenders are Invited for the following works upto 25.07.2022 at 17.30 Hour
2.	Bid IOpen, Start date & time 26.07.2022 (Time 11:30)

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड (छ.ग.)
कृते - अधीक्षण अभियंता
जल संसाधन मंडल बिलासपुर (छ.ग.)

जी-92965/8

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

बाजार की जगह पर बन रहे कृष्ण कुंज का विरोध, जगह बदलने की मांग

■ **सैकड़ों व्यापारी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया प्रदर्शन**

खरोरा/नवप्रदेश। गुरूवार साप्ताहिक बाज़ार की ज़मीन पर बन कृष्ण कुंज के खिलाफ फिर नपं अध्यक्ष अनिल सोनी समेत सैकड़ों व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों व्दारा पंडित दिनदयाल तिगड्डा चौक मे आमसभा कर एसडीएम एवं सीएमओ पर मनमानी करने का आरोप लगाया गया। आमसभा के बाद रैली निकालकर सभी कृष्ण कुंज निर्माण स्थल पहुँचे जहॉ कृष्ण कुंज की जगह बदलने हेतु कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

ग़ौरतलब है की खरोरा में गुरूवार साप्ताहिक बाज़ार की ज़मीन पर वन विभाग व्दारा कृष्ण कुंज का निर्माण कराया जा रहा हैं। इसके लिए अधिकारियों व्दारा नपं अध्यक्ष एवं पार्षद के बिना सहमति के ही गुरूवार साप्ताहिक बाजार की जमीन का चयन कर लिया गया। बकायदा इसके लिए बाजार की ज़मीन में से लगभग एक एकड़ जमीन पर बाउंड्रीवॉल कर कृष्ण कुंज का निर्माण शुरू कर दिया गया। इसी का नपं अध्यक्ष अनिल सोनी एवं पार्षदो समेत व्यापारियों व्दारा विरोध किया जा रहा है। ये बाज़ार की ज़मीन पर बन रहे कृष्ण कुंज को किसी दुसरी जगह बनाने की मांग कर रहे है। बता दे की बड़े बाज़ार के नाम से प्रचलित खरोरा का ये गुरूवार बाज़ार आसपास के 70 गाँवों का केन्द्र माना जाता हैं। यहॉ दुर-दुर से फल, सब्ज़ी, कपड़ा, मछ्ली, पशु आदी के व्यापारीयों सहित आसपास के क्षेत्र सें बड़ी संख्या में लोग ख़रीदारी करने आते हैं। वही नगर पंचायत के इसी ज़मीन पर लगभग डेढ़ एकड़ में 76 लाख की लागत से डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व मांगलिक भवन का निर्माण हो रहा है।

उक्त मांगलिक भवन के साथ ही अब कृष्ण कुंज के निर्माण से यहॉ बाज़ार की ज़मीन छोटी हो जायेगी, इसी का व्यापारी एवं जनप्रतिनिधी विरोध कर रहे हैं। पिछले दिनों इसी के विरोध में तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्थल परिवर्तन की माँग की गई थी। किंतु जगह नहीं बदलने के कारण आज फिर से विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान तिगड्डा चौक में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में आमसभा हुई। जिसे संबोधित करते हुवे नपं अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहॉ की दो वर्ष पहले इस ज़मीन पर कचरे का अंबार लगा था।

इसे नपं व्दारा साफ़करवाया गया। यहॉ मुरूम पटिंग के साथ ही पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था की गई। जनहित को ध्यान रखकर यहॉ गुरूवार बाज़ार को सिप्ट किया गया। श्री सोनी ने कहॉ की इसी ज़मीन पर डॉ भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन निर्माण कार्य भी चल रहा है। अब यहॉ कृष्ण कुंज बनाने से बाज़ार लगने में परेशान होगी। उन्होंने अधिकारीयो पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुवे कहॉ की हमारे नगर में कहॉ क्या उचित है इसका फ़ैसला हम करेंगे। अधिकारियों की मनमानी नहीं चलेंगी। ज़रूरत पढ़ीं तो इसके ख़िलाफ़हम कोर्ट भी जायेंगे। वही जनपद उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने कहॉ की नगर की कई सरकारी क़ीमती ज़मीन रसूखदार लोगों के क़ब्ज़े में है।

अधिकारियों व्दारा इन ज़मीनों को ख़ाली कराने के बजाय साप्ताहिक बाज़ार की ज़मीन पर कृष्ण कुंज बनाने का फैसला करना गलत हैं। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर ने भी संबोधित किया उन्होंने कहॉ की कांग्रेसियों के सह पर अधिकारी मनमानी मे उतर आये हैं। जनता के चुने जनप्रतिनिधियो के अधिकारों का हनन किया जा रहा हैं। इन्हें काम करने से रोका जा रहा है।

ये सब कांग्रेस विधायक और मंत्रियों के इशारों पर हो रहा हैं। हम इनका विरोध करेंगे। वही कार्यक्रम को वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रकुमार डडसेना, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकास ठाकुर, सरपंच संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, पार्षद तोरण ठाकुर, कपिल नशीने, पुर्णेन्द्र पाध्याय आदी लोगों ने संबोधित किया।

> वन विभाग व्दारा बस स्टैण्ड के पास कृष्ण कुंज का निर्माण किया जा रहा हैं। उस ज़मीन पर साप्ताहिक बाज़ार लगता हैं। उसी ज़मीन पर मांगलिक भवन भी प्रस्तावित हैं। इसलिए अध्यक्ष एवं पार्षदो व्दारा कृष्ण कुंज कही और बनाने की माँग कि जा रही हैं। इस विषय पर उच्च अधिकारीयो से चर्चा कर निर्णय लेंगे।
>
> **रविन्द्र शुक्ला,** सीएमओ नपं खरोरा
>
> संबंधित राजस्व विभाग कि स्वीकृति एवं नगर पंचायत सीएमओ की एन.ओ.सी. मिलने के बाद ही इस स्थान पर कृष्ण कुंज निर्माण का काम शुरू किया गया हैं।
>
> **विश्वेश कुमार,** डीएफओ

चोरी के बड़ी वारदात सुलझाने में पुलिस को 24 घंटे में मिली बड़ी सफलता

■ **चोरी हुए समस्त नगदी एवं सोना-चांदी के जेवरात बरामद**

बेमेतरा/साजा/नवप्रदेश। जिलें के साजा नगर में 9 जुलाई के दरम्यानि रात अज्ञात चोरों द्वारा हार्डवेयर व्यापारी भगवानदास राठी के यहां एवं एक मोबाईल दुकान में चोरी के वारदात को अंजाम दिया गया था, सूचना मिलते ही थाना साजा में प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल को तत्काल घटना स्थल पहुचने एवं वही कैम्प करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर आरोपियो का धरपकड हेतु रवाना किया गया। जिसमें से एक टीम को घटना में संलिप्त विधि से संघर्षरत बालकों को जिला राजनांदगांव डोगरगढ रेल्वे स्टेशन के पास से पकडने में सफलता मिली एवं उनके निशानदेही पर चोरी हुये संपुर्ण नगदी एवं जेवरातों को बरामद कर लिया गया। बरामद मशरूका में 12 तोला सोना एवं साढे पांच ग्राम चांदी कीमती करीबन 7.35 लाख रूपये एवं नगदी रकम 1,56,340 रूपये, लैपटाप कीमती करीबन 23000 रूपये, मोबाईल कीमती करीबन 10000 रूपये कुल जुमला कीमती करीबन 9,15,340 रूपये को बरामद किया गया।

प्रकरण की विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से विधि के साथ संघर्षरत 2 बालको को आज दिनांक 12 जुलाई को न्याय किशोर बोर्ड न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री, प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, अनुपम शर्मा, डामेश्वर राजपूत, येमन बघेल, आरक्षक इंदर मन निषाद, रामानुज जायसवाल, जयकिशन साहू, मुकेश चंद्रवंशी अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

आश्रम अधीक्षिका सरकारी राशन परिवहन करते पकड़ीं गई

रामानुजगंज/नवप्रदेश। कन्या आश्रम रनहत में पदस्थ प्रभारी अधिक्षिका जयंती सोनहा के द्वारा आश्रम के छात्राओं का हक का राशन को अपने घर ट्रैक्टर से रात्रि में परिवहन करते ग्रामीणों ने रात के 10 बजे धर दबोचा। प्राथमिक कन्या आश्रम रनहत 50 सीटर आवासीय आश्रम सह विद्यालय संचालित है। जहां आश्रम की प्रभारी अधिक्षिका जयंती सोनहा वर्षो से अधिक्षिका का प्रभार संभाल रही है। उसके द्वारा आश्रमवासी छात्राओं के हक का राशन छीनकर अपने ससुराल लूर्गीखुर्द जहां उसकी मूल पदस्थापन संस्था भी है उसके द्वारा रात्रि में ट्रैक्टर लोडिंग कर सरकारी राशन खपाने के उद्देश्य से आश्रम से रवाना की परंतु उसके भाग्य ने साथ नहीं दिया और कुछ दूरी पर रनहत गोपाल घर के सामने ट्रैक्टर में लोड सरकारी राशन समेत पकड़ीं गई। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में पहुंची मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने दूसरे दिन मण्डल संयोजक जय प्रकाश डडसेना को जांच अधिकारी नियुक्त कर रनहत आश्रम में भेजा। जांच अधिकारी ने ट्रैक्टर लोडिंग चावल स्पॉट पर पाया जिसे ग्रामवासियों के समक्ष पंचनामा तथा ट्रैक्टर लोडिंग चावल को सरपंच को सुपुर्दगी में दिया है। वहीं ग्राम पंचायत मकरो के सरपंच प्रतिनिधि राजनाथ सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर में सरकारी राशन परिवहन करते ग्रामीणों ने पकड़ा है जिसकी जांच मण्डल संयोजक बलरामपुर के द्वारा किया गया उन्होंने ट्रैक्टर में लोड चावल व ट्रैक्टर सुपूर्द नामा में दिया है।

उतई नगर पंचायत में परिषद की बैठक संपन्न

उतई/नवप्रदेश। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डीकेद्र हीरवानी की अध्यक्षता में परिषद की बैठक संपन्न हुई ।जिसमें अनेक निर्णय लिए गए ।बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष डिकेंद हिरवानी उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा पार्षद गण तोशन साहू प्रहलाद वर्मा मनोरमा देवांगन संतोषी कुंजाम विरेंद गोस्वामी राकेश साहू सतीस चंद्राकर योगेश ठाकुर सुरता सिंह भीमसेन सिन्हा एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू खुमान साहू मुख्य नगरपालिका अधिकारी सोहेल कुमार सब इंजीनियर योगेश्वर सिंह पंचायत कर्मचारी अकालू साहू लोकेस्वरी देवांगन उपस्थित रहे।

आयुक्त ने महाविद्यालय के संयुक्त संचालक को लिखा पत्र

■ **जिला चिकित्सालय में लगे वॉटर एटीएम का संचालन चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा किये जाने के संबंध में लिखा पत्र**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर के मरीजों व उनके परिजनों तथा चिकित्सालय स्टॉफ को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने चिकित्सालय गेट के बाजू नगर निगम द्वारा वॉटर एटीएम स्थापित किया गया है, जिसका यूरो केयर इंटरप्राईजेस संस्था दुर्ग के माध्यम से संचालन किया जा रहा था। उक्त एटीएम का अब सुचारू संचालन के लिये निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव को पत्र प्रेषित किया है।

उल्लेखनीय है कि अल्प राशि में शुद्ध एवं शीतल पेयजल नागरिकों को उपलब्ध कराने नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर एटीएम की स्थापना की गयी थी। जिसके संचालन के लिये रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गयी थी और संस्था के द्वारा ए.टी.एम. का संचालन किया जा रहा था। इसी कडी में शासकीय जिला चिकित्सालय में लगे वॉटर एटीएम का संचालन दुर्ग की संस्था यूरो केयर इंटरप्राईजेस द्वारा तीन वर्ष का अनुबंध निस्पादित कर किया गया। अवधि समाप्त होने के पश्चात एटीएम का संचालन किया जाना है। जिसके लिये निगम आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव के संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक को एटीएम का मरम्मत/संधारण कार्य अपने कार्यालय स्तर पर किये जाने पत्र प्रेषित किया है, ताकि एटीएम का सुचारू संचालन हो सके एवं मरीजों, उनके परिजनों तथा चिकित्सा स्टॉफ को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध हो सके।

मयारू संगवारी सेवा समिति ने किया पौधरोपण

उतई/नवप्रदेश। मयारू संगवारी सेवा समिति के द्वारा पौधरोपण का आयोजन कोकड़ी मुक्तिधाम में किया गया जिसमें उपस्थित शिक्षाविद वाय राजेन्द्र कुमार राव कोकड़ी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच एव गौठान अध्यक्ष रोशन लाल साहू ,भानपुरी के सरपंच राजू लाल देशमुख मयारू संगवारी ग्रुप के अध्यक्ष चुम्मन देशमुख , विवेक श्रीवास्तव , सोमेश साहू तेजेन्द्र साहू ठेकेदार सोमेश साहब, परशु राम निषाद ,सेवक राम उपस्थित थे।

विद्यालयों में अधिकारियों को स्कूलों में पढ़ाई के निर्देश का विप्लव साहू ने किया स्वागत

खैरागढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा जिला मुख्याल और ब्लॉक स्तर पर विद्यालयों में अधिकारियों को स्कूलों में पढ़ाई के निर्देश का राजनांदगांव जिला पंचायत के सभापति विप्लव साहू ने हार्दिक स्वागत किया है। इससे शिक्षा के स्तर में बदलाव और सुधार की संभावना खुलेगी। विद्यालय में चल रही हालातों, शिक्षकों और छात्रों के बेहतर शिक्षा प्रबंधन के समस्याओं से अधिकारी अवगत होंगे। अधिकारियों को भी नया अनुभव मिलेगा। अधिकारियों को अपने बीच पाकर छात्र, शिक्षक और शिक्षा अधिकारी अलर्ट रहेंगे। शिक्षा ही एक ऐसी ताकत है जो जिंदगी का डिजाइन तय करता है। उम्र भर को पहचान दिलाने के लिए छात्र जीवन ही रीढ़ का काम करता है। और उस पर जब अधिकारी और नेता गंभीर होकर काम करे तो समाज मे सकारात्मक बदलाव होना तय हो जाएगा।

कलेक्टर महोदय की इस अभिनव पहल की सार्थकता और सही रिजल्ट तभी आएगा जब यह कदम ठोस और इसकी गतिविधियां, निरंतर रहेगी। इस हेतु कलेक्टर महोदय और उच्चाधिकारियों में प्रतिबद्धता बनी रहनी चाहिए, तभी जिले का अंदाज क्रांतिकारी हो सकता है।

जनप्रतिनिधियों को भी सप्ताह में एक-दो दिन, विद्यालयों में जाकर विद्या अध्यापन का कार्य करना चाहिए, इससे विद्यालयों का स्तर भी सुधरेगा। स्टूडेंट भी जनप्रतिनिधियों को अपने नजदीक पाकर बेहतर महसूस करेंगे और स्कूल में आ रही समस्याओं से जनप्रतिनिधियों में गंभीरता और रुचि बढ़ेगी।

विभाग तो अपनी गतिविधियां संचालित करेगा ही पालकों को भी अलर्ट रहना होगा। शासन-प्रशासन के ही अधीन और भरोसे न रहकर कुछ जिम्मेदारी और सक्रियता निभानी होगी। क्योंकि अमूमन गावों के माता-पिता बच्चों को स्कुल भेजकर बेफिक्र हो जाते हैं, पढ़ाई और निरीक्षण पर ध्यान देना बंद कर देते हैं। जबकि उन्हें समय-समय पर शिक्षको से मुलाकात और छात्रों की मुश्किलें और नए उपायों के बारे में शिक्षकों से विमर्श जरूरी होता है।

खरोरा नगर इकाई के पदाधिकारियों ने ली शपथ

खरोरा/नवप्रदेश। छ. ग. म. कु. क्ष. समाज नगर इकाई के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. पूर्णेद्र वर्मा ने अपने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अपने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। सचिव पद पर कैलाश बघेल, उपसचिव अनिल वर्मा, उपाध्यक्ष के लिए डॉ. व्यासनारायण आर्य, कौशल वर्मा, लखेश्वर वर्मा, कोषाध्यक्ष आलोक बघेल, उपकोषाध्यक्ष प्रवीण वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, मीडिया प्रभारी रोहित वर्मा, गजेंद्र रथ वर्मा, युवा अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, युवा उपाध्यक्ष के लिए कुंदन वर्मा ने शपथ ली। शपथ कार्यक्रम के साथ साथ कुछ आवश्यक सामाजिक बिन्दुओ पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में तिल्दा राज कोषाध्यक्ष श्री ओंकार वर्मा, संरक्षकगण श्री गोविंद राम वर्मा, श्री बिसेन धुरंधर, श्री धनेश राम वर्मा, श्री कमल (देवेंद्र) वर्मा, श्री नीलेश चन्द्रवंशी के साथ साथ श्री आशाराम वर्मा, श्री लक्ष्मण वर्मा, श्री के. आर. वर्मा, श्री धुरंधर, पुन्नू वर्मा और अनेक स्वजातीयगण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे 15 को भाटापारा में

भाटापारा/नवप्रदेश। कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में प्रबंध संचालक छ.ग.राज्य कृषि विपणन मण्डी बोर्ड रायपुर के आदेश पत्र क्रमांक 2093-2094 रायपुर दिनांक 29 जून 2022 के व्दारा कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा मे भारसाधक समिति में अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष ,सदस्य व व्यापारी सदस्य को मनोनित किया गया है । जिसका शपथ ग्रहण समारोह व कृषक सम्मेलन आयोजन दिनांक 15 जुलाई 2022 दिन शुक्रवार को होना है । इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथी रविन्द्र चौबे कृषिमंत्री अध्यक्षता गिरीश देवागंन अध्यक्ष खनिज विकास निगम , विशिष्ट अतिथी सुरेन्द्र शर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण बोर्ड ,सुश्री शकुंतला साहू संसदीय सचिव,शैलेष नितिन द्विवेदी ,अध्यक्ष पाठय पुस्तक निगम होगें । जिसकी तैयारीयां को लेकर मण्डी अध्यक्ष सुशीलशर्मा ने मण्डीसमिति की बैठक बुलाई गयी जिसमें भारसाधक समिति के सदस्य गण उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, सदस्य अमरनाथ जगत, तुलाराम यादव,के के नायक,अश्विनी बारले, नरेन्द्र भूषाणिया उपस्थित थे मण्डी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुशील शर्मा मण्डी अध्यक्ष ने उपस्थित सदस्यों को कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में वृहद चर्चा की तथा अधिक से अधिक संख्या में कृषको को इस कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु सदस्यों को जिम्मेदारीयां सौपी गयी ।

किसान वर्ग की चहुंमुखी विकास हुआ : रामगोपाल अग्रवाल

कुरूद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता के लिए जनकल्याणकारी योजना स्वास्थ बीमा, खेतिहर मजदूर, गोधन न्याय योजना सहित स्वास्थ शिक्षा, रोजगार मुहैया कराकर लोगो की जीवन स्तर में सुधार आया। किसान वर्ग की चहुमुखी विकास हुआ। उक्त बाते मुख्य अतिथि की आसंदी से रामगोपाल अग्रवाल ने कही।

कृषि उपज मंडी कुरूद में भार साधक समिति के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, सदस्य बिसौहा साहू, कोमल सिन्हा, वीणा कोसरे, विशाखा साहू, व्यापारी प्रतिनिधि हितेंद्र केला आदि को कृषि उपज मंडी सचिव राजकुमार रात्रे ने शपथ दिलाई।

सोमवार को पुराना मंडी प्रांगण कुरूद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह एवम किसान सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम छ ग अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने की । कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन रहे तथा अति विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष मोहन लालवानी, राज्य अजजा आयोग उपाध्यक्ष राजकुमारी दीवान, पूर्व विधायक लेखराम साहू, राज्य कृषक कल्याण परिषद सदस्य शशि गौर, नगर निगम धमतरी महापौर विजय देवांगन, जनपद पंचायत कुरूद अध्यक्ष शारदा साहू, जिला पंचायत धमतरी सभापति तारणी चंद्राकर के आतिथ्य में हुआ।

कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा मोटर साईकिल रैली निकाली जो नगर के सांधा चौक, संजय नगर, कारगिल चौक, सरोजनी चौक, पुराना बाजार चौक से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे साथ ही जगह जगह पटाखे फोड़े और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि राज्य खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोधन न्याय योजना से किसानों की आय में वृद्धि हुई। भूपेश बघेल की सरकार लगातार किसानों के उन्नति और प्रगति के लिए कार्य किया।

अध्यक्षता कर रहे खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने कहा कि भूपेश सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक कार्य योजना संचालित की। जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि उपज मण्डी कुरूद अध्यक्ष नीलम चंद्राकर ने कहा कि किसान हित में कार्य करने हमेशा तत्पर रहूंगा।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को मार्गदर्शन किया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शपथ ग्रहण समारोह एवं किसान सम्मेलन में बड़ी संख्या में कृषक गण व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार व्यक्त कृषि उपज मण्डी कुरूद उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ने की।

कलेक्टर भी लेंगे क्लास, डिप्टी कलेक्टरों से विद्यार्थियों को मिलेंगे टिप्स

- सीएम की मंशा पर कलेक्टर की पहल, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

लाइब्रेरी आए और समय का सदुपयोग करें

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को बताया कि शिक्षा का जीवन में बहुत महत्व है। किसी बड़े पद में पहुचने के अलावा आपकी सफलता और व्यक्तिगत ज्ञान के लिए भी उपयोगी किताबों का अध्ययन सहायक साबित होता है। यहां सभी प्रकार की किताबे हैं। अध्ययन के लिए व्यवस्थाएं हैं। आप सभी अपने साथियों को भी लाइब्रेरी आने के लिए प्रेरित करे और यहा समय का सदुपयोग करें।

छात्रों को बताए सफलता के टिप्स

यहां से जिला ग्रंथालय पहुंचे कलेक्टर ने लाइब्रेरी में उपलब्ध किताबों और यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से बात की तथा सफलता के लिए टिप्स बताएं। कलेक्टर ने लाइब्रेरी में अध्ययन के दौरान किसी प्रकार की हो रही समस्या के विषय में भी जानकारी ली। विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी का संचालन शनिवार और रविवार के दिन भी करने तथा प्रतिदिन के समय अवधि को भी बढ़ाने की मांग रखी। कलेक्टर ने जिले में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को उच्च पद पर पहुचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कार्य करने की भी बात कही है।

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा चाहते हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की बेहतर ढंग से तैयारी करें। वे डॉक्टर-इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस बने। उच्च पद पर जाए और जिले का नाम रौशन करें। इसी कड़ी में वे आज आकांक्षा आवासीय विद्यालय और जिला ग्रंथालय पहुंचे। उन्होंने यहां दी जा रही शिक्षा और सुविधाओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान में जो भी आवश्यकता और सुधार की गुंजाइश है, वह उन्हें बताए, हर प्रकार से सहयोग किया जाएगा। कलेक्टर ने जल्दी ही खुद भी कक्षा लेने की बात कहते हुए जिले के डिप्टी कलेक्टरों को कक्षा लेने और विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए भेजने की बात कही। कलेक्टर ने आकांक्षा आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान यहा संचालित कक्षाओं, कम्प्यूटर कक्ष, लाइब्रेरी, भोजन कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यालय की संचालिका और रोजगार अधिकारी चारूलता साय से अध्यापन व्यवस्था, विषयवार फेकेल्टी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने इंजीनियरिंग, चिकित्सा तथा अन्य क्षेत्र में जाने वाले विद्यार्थियों को बड़े संस्थानों के नोट्स और किताबे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पीएससी की तैयारी के लिए कक्षाओं के संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों को इस विषय में जानकारी देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा पास करने के लिए उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। कलेक्टर ने रोजगार अधिकारी के प्रयासों की भी सराहना की और आकांक्षा विद्यालय में विद्यार्थी हित में नई पहल और संभावनाओं को भी तलाशने कहा।

निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को कराना होगा एचएफआर मॉड्यूल में पंजीयन

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ क्लीनिक स्थापना अधिनियम अंतर्गत पंजीकृत सभी निजी स्वास्थ्य संस्थाओं जैसे अस्पताल, नर्सिंग होम, डायग्नोस्टिक सेंटर, लैब, क्लीनिक इत्यादि को हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री मॉड्यूल में पंजीयन कराना होगा। इस मॉड्यूल में पंजीकृत होने से संबंधित स्वास्थ्य संस्था के पास मरीज के उपचार से संबंधित सारी डेटा उपलब्ध रहेगी जिससे मरीज को बार-बार पूर्व ईलाज के दस्तावेज ले जाने की जरूरत नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के सभी निजी स्वास्थ्य संस्था संचालकों का आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अंतर्गत एचएफआर मॉड्यूल में पंजीयन कराने निर्देशित किया है। पंजीयन कार्य के लिए आयुष्मान भारत के जिला समन्वयक के स्थानीय कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। बताया गया कि जिले में नर्सिंग होम एक्ट के तहत पंजीकृत 170 निजी स्वास्थ्य संस्था है जिनमें से 18 संस्थाओं का एचएफ आर में पंजीयन हुआ है। शेष 152 संस्थाओं को पंजीयन किया जाना है।

लता के घर कभी थी आर्थिक तंगी अब कहलाती हैं बैंक दीदी

समूह से जुड़कर बैंक सखी के साथ फैंसी एवं कपड़ों की खोली दुकान

कोण्डागांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोंडगांव में स्थित 383 ग्राम पंचायतों में कुछ ऐसे गांव हैं जहां अब तक बैंकिंग सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है। ऐसे गांव में लोगों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा समूह की महिलाओं को बीसी सखी बनाकर ग्रामीणों को बैंक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। जिससे न सिर्फलोगों को राहत प्राप्त हो रही है बल्कि महिलाओं को अतिरिक्त आय प्राप्त होने से उनमें स्वाभिमान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। ऐसी कहानी है बड़ेठेमली के आश्रित ग्राम मस्सूकोकोड़ा निवासी लता पाण्डे की। लता पाण्डे इस संबंध में बताती है कि बीसी सखी बनने से पूर्व उनके घर की आर्थिक स्थिति बहुत तंग थी। किसी भी चीज की आवश्यकता होने पर उन्हें ऋण हेतु लोगों पर आश्रित होना पड़ता था। जहां महंगी ब्याज दरों पर बाजार से पैसा प्राप्त होता था जिससे वे परेशान थे। ऐसे में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की सीआरपी टीम द्वारा एक बार गांव में आकर बिहान योजना के संबंध में जानकारी दी गई। जिसमें मेरे साथ गांव की अन्य महिलाओं ने मिलकर मां बम्लेश्वरी स्व-सहायता समूह का निर्माण किया।

आज सभी सपने हो रहे पूरे

बैंक सखी बनने के साथ अधिकारियों द्वारा मुझे आर्थिक स्थिति सुधार हेतु समूह के साथ कार्य करने एवं पैसों की बचत एवं पंचसूत्र पालन के संबंध में भी जानकारी दी गई थी। जिसका परिणाम है कि आज मेरे सभी सपने पूर्ण हो रहे हैं। बैंक सखी के अलावा मेरे द्वारा स्वयं के कॉम्प्लेक्स में फैंसी स्टोर एवं कपड़ा दुकान भी संचालित किया जा रहा है। जिससे मुझे अतिरिक्त 20 से 30 हजार तक आमदनी प्राप्त हो जाती है। इस अवसर पर लता ने सभी बिहान समूह की दीदीयों के लिए कहा है कि संगठन बनाकर हम सभी यदि मिलकर कार्य करें तो हम अपने साथ-साथ गांव एवं देश का भी विकास कर सकते हैं। इसमें बिहान योजना हमारी संकल्पनाओं को सच करने में हमारी साथी बनेगी।

शिक्षित होने के कारण कार्य करने का अवसर मिला

समूह के साथ कार्य करते हुए मुझे 2017 में बीसी सखी योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई जिसके प्रति मैं बहुत उत्साहित थी। शिक्षित होने के कारण बीसी सखी के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। जहां उन्हें जगदलपुर स्थित आरसेटी में प्रशिक्षण दिया गया। इसके पश्चात् ग्राम संगठन द्वारा उन्हें ऋण के माध्यम से कम्प्यूटर सेट एवं अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु पैसे प्राप्त हुए एवं बिहान योजना अंतर्गत बीसी सखी आईडी एवं सीएससी आईडी प्रदान की गई। जिसके पश्चात् मेरे द्वारा बीसी सखी के रूप में कार्य करना प्रारंभ किया गया।

गांवों में पहुंचा रही बैंक सुविधा

बीसी सखी बनकर मुझे गांव में रहकर लोगों को बैंकिंग सुविधा पहुंचाकर लोगों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ साथ ही मुझे अतिरिक्त आय भी प्राप्त होने लगी। वो सम्मान और पहचान जो मुझे आजतक प्राप्त नहीं हुई थी वो मुझे प्राप्त हो रही है। अब लोग मुझे गांव में बैंक दीदी के रूप में जानते हैं। मेरे द्वारा अब तक कुल 26.44 करोड़ मूल्य के 25864 लेनदेन किये गये हैं। जिससे मुझे कमीशन के रूप में कुल 8.64 लाख रूपये प्राप्त हुए। मुझे हर माह कमीशन के रूप में 12 हजार के लगभग प्राप्त हो जाते हैं। यह सबकुछ बैंक सखी बनकर ही संभव हो सका है।

प्रेमिका की हथौड़ी व ब्लेड मारकर हत्या, खुद भी फंदे पर झूल गया प्रेमी

- राजधानी रायपुर की घटना, पुरानी बस्ती पुलिस मामले की कर रही जांच

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का राजधानी रायपुर में बुधवार तड़के एक युवक ने अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर दी और खुद फांसी के फंदे पर झूल गया। युवती आपातकालीन सेवा डायल-112 की कर्मचारी थी। युवती को उसके प्रेमी ने हथौड़ी और ब्लेड से मारा है। युवती की दूसरे व्यक्ति से संबंध के शक में उसके प्रेमी द्वारा हत्या किया जाना बताया जा रहा है। युवती की आवाज सुनकर पड़ोसी घर तक पहुंचे, लेकिन अंदर से दरवाजा बंद था। सूचना पर पुलिस पहुंची तब तक सब कुछ खत्म हो चुका था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक युवक और युवती दोनों दुर्ग जिले के पाटन ब्लॉक के ग्राम फेकारी के निवासी थे। महिला का नाम अर्चना साहू है। वह करीब 5 साल से डायल-112 में काम कर रही थी। आरोपी कमलेश साहू से उसका प्रेम संबंध था। युवक दुर्ग के बिजली विभाग में ठेके पर काम करता था। दोनों अविवाहित हैं। पुलिस को आरोपी के पास से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें दोनों के बीच 12 साल से प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली है। अर्चना पुरानी बस्ती के के मकान पर रहती थी, जहां कमलेश का आना-जाना था। अर्चना के दूसरे व्यक्ति से संबंध को लेकर युवक ने हत्या की है।

पड़ोसियों ने दी पुलिस को सूचना

पुरानी बस्ती टीआई ने बताया कि पड़ोसियों की सूचना पर थाना की टीम तत्काल पहुंची। तड़के सुबह 4 बजे अर्चना साहू की हथौड़े व ब्लेड मारकर हत्या की गई है। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कमलेश ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान अर्चना को बचाने व मृतक को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन कमलेश ने कमरा बंद कर लिया था। पुलिस जब पहुंची तब कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर खून से लथपत युवती की लाश पड़ी थी। युवक का शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है।